मै यह देखता हू कि हमारे दिल्ली शहर के अन्दर काफी सफाई हुई है और चंडीगढ के बारे मे भी मुझे मालूम है कि वहा पर काफी इस बात की कोशिश हो रही है कि जिन लोगों ने नाजायज कब्जा किया हुआ है पब्लिक की जमीन पर, उन को वहा से हटाया जाए। रेगुलेट करना अच्छी बात है लेकिन उस के अन्दर भावना सही होनी चाहिए और मैं समझता हू कि इस के अन्दर हमारे जो सरकारी अफ़सर है उन की मनोवृति पर निर्भर करता है कि वे कैसे उस का इम्पलीमेंटेशन करते है। शायद उन की मनोवृति वैसी नही है जिस भावना से हम वे यह इमर्जेन्सी लगाई है। उन की भावना यह होनी चाहिए कि अगर 15 या 20 साल से कोई आदमी बैठा हुआ है और वह नाजायज कब्जा किये हुए बैठा है, अगर वह गरीब आदमी है और उस के पास दूसरे साधन नहीं हैं, तो हमारा मकसद उस को बसाने का होना चाहिए। हमारा मकसद बसाना है, उजाडना नही है। यही बात चडीगढ मे मैं ने वहां की सरकार से की थी और दिल्ली में भी की थी। इस प्रकार से जितनी जगहों से लोगों को हटाया गया है और कालोनीज को साफ़ किया गया है और वहां पर लोगों के पास घरबार नही है या काम नही है, तो हमारी कोशिश यह होनी चाहिए और हमारे सरकारी अफसरों को खास तौर पर इस बात की कोशिश करनी चाहिए कि उन को बसाए। मैं समझता हू कि हमारे जो मत्रीगण है उन को भी इस में काफी सावधानी बर्तनी चाहिए और जहा पर इमर्जेन्सी का गलत इस्तेमाल हुआ है, उस को रोकना चाहिए।

मैं यह भी कहना चाहता हू कि यह बात ठीक है कि कृषि जन्य पदार्थों की कीमतें काफी गिरी है लेकिन जो औद्योगिक कारखानों में माल बनता है या जो उद्योगों मे चीजे बनाई-जाती है उन की कीमतें उतनी नही गिरी है जितनी कि और चीजों की गिरी है और इस के लिए कुछ न कुछ करना चाहिए और कुछ कोशिश करनी चाहिए। देहात के लोगों की यह शिकायत है कि उन की जिन्सों की कीमत तो काफी गिर गई है लेकिन जो चीजे वे बाजार से खरीदते है उनकी उतनी नही गिरी। इस लिए इस बात की तरफ ध्यान देना चाहिए।

इसी प्रकार जो हमारा बीस सूत्रता प्रोग्राम है, यह प्रोग्राम आखरी नही है। यह बुनियादी प्रोग्राम है और एक स्ट्रक्चर हम बनाने जा रहे है और जैसा कि श्री वी० के० आर० वी राव ने कहा कि हम देहातो का स्ट्रक्चर ठीक करने जा रहे हैं। मैं समझता हू कि इस स्ट्रक्चर के चेन्ज होने से हमारी जो एकोनामी है, हमारे देश का जो आर्थिक ढाचा है, वह बहुत इम्प्रुव होगा और हम जो समाजवाद की तरफ कदम उठाना चाहते हैं वह भी बढ़ सकेगा लेकिन उस में तेजी आनी चाहिये। यह बात मैं खास तौर से कहना चाहता हू कि कांग्रेस

दल के लोग तो इस से सहमत हैं ही लेकिन विरोधी दल के लोगों ने भी इस प्रोग्राम को मानने से इंकार नहीं किया है और उन्होंने यह नहीं कहा कि लैंड रिफार्म्स नहीं होने चाहिए या कीमतों के ऊपर कंट्रोल नहीं होना चाहिए । यह मैं ने जरूर देखा है कि कुछ लोग जो विरोधी दलों में हैं, वे विरोध करना ही अपना धर्म समझते हैं और इस बारे में करना कुछ नहीं चाहते हैं । वे कहते हैं कि यह बात तो ठीक है लेकिन हो नहीं रही है । वह यह समझते हैं कि डैमोक्रेसी के अन्दर जहां तक काम को करने का ताल्लुक है, जहां तक देश को बढ़ाने का ताल्लुक है, देश को अच्छे नतीजे दिलाने का ताल्लुक है; उस की सारी जिम्मेदारी सरकार की है । डैमोक्रेसी के अन्दर विरोधी दल भी अपनी जिम्मेदारी से अलग नहीं हो सकते हैं । विरोधी दल अगर यह समझते हैं कि तमाम अच्छी बातें करना सरकार का काम है और उन का काम बैठ कर उस के ऊपर नुक्ताचीनी करना है, सरकार की टांग खींच कर उसको गिराना है, तो मैं समझता हूं कि वे विरोधी दल का पार्ट अदा नहीं कर रहे हैं । डेमोक्रेसी के अन्दर विरोधी दल अगर जिम्मेदारी से काम करे तो मैं समझता हूं कि देश काफी तरक्की कर सकता है । जो काम हम देश के लिए करना चाहते हैं उन में उन को हमारा साथ देना चाहिए, लेकिन इस समय तक मैं नहीं जानता कि सिवाय एक दो दलों को छोड़ कर बाकी जो विरोधी दल है उन्होंने सिर्फ नुक्ताचीनी करना ही अपना कर्तव्य समझा है और इस 20 सूत्री कार्यक्रम में, जिन में अच्छे अच्छे काम हैं, अपना कोई योगदान नहीं दिया है । एक भी मिसाल मुझे नजर नहीं आती है । आज जो देश में भावना बनी है, उस भावना को वे खराब करना चाहते हैं । वे यह कहते हैं कि उन की तमाम आजादी खत्म हो गई है । इमर्जेन्सी को खत्म करने का एक ही तरीका है और जैसा कि प्रधान मंत्री जी ने कहा है, वह तरीका यह है कि वातावरण ठीक हो और जब वातावरण ठीक हो जाएगा तो एमर्जेन्सी नहीं रहने दी जाएगी । हम चाहते हैं कि एमर्जेन्सी न रहे और हरेक यही चाहता है कि यह न रहे लेकिन नार्मल हालात होने चाहिए । जो लोग शोर करते हैं उन का भी यह काम है कि हालात सुधरें और क्लाइमेट अच्छी बने लेकिन उन का काम तो हालात को बिगाड़ते रहने का है । उन की भावना तो टांग खींचने की है और काम न करने देने की है । वे चुपचाप पर्चे बांट कर और चुपके चुपके गाली-गलोज दे कर लोगों को बहकाते हैं और अफवाहें फैलाते हैं । अगर वे लोग इस तरह के कार्य करेंगे तो एक अच्छी क्लाइमेट पैदा नहीं होगी और यह तो देश को खतरे में डालेंगे और समाजवाद को खतरे में डालने की बात होगी ।

इन शब्दों के साथ मैं आप को धन्यवाद देता हूं कि आप ने मुझ बोलने का मौका दिया ।

श्री एस० ए० शमीम (श्रीनगर) मि० डिप्टी स्पीकर साहब, सब से पहले मैं यह बात कहना चाहूंगा कि जब सदर साहब ने अपना खुत्बा पढ़ा था, उस वक्त मैं मौजूद नहीं था । मैं ने वह खुत्बा सुना नहीं । उस के बाद जब यह कापी मिली, तब भी मैंने इस को पढ़ा नहीं, इसलिए कि मैं नहीं समझता कि इस के पढ़ने की कोई जरूरत है । मैं अन्दाजा कर सकता हूं और मेरा अन्दाजा सही साबित हुआ है कि इस में वही बातें कही गई होंगी, जो मैं ने सोची थीं कि सदर साहब कहेंगे क्योंकि सदर साहब का एड्रैस अपना लिखा हुआ एड्रैस नहीं होता है । उन की खिदमात जो हैं, वे सिर्फ खुत्बे को पढ़ने के लिए हासिल की जाती हैं । इसलिए सब से पहली बात मैं यह कहना चाहूंगा कि एमर्जेन्सी को जस्टिफाई करना सदर साहब का काम था और उन की सदारत का यह एक हिस्सा था ।

मैं आप को याद दिलाना चाहूंगा कि मेरे यहां पांच, छ साल के कयाम के दौरान एक भी ऐसा वाकया नहीं हुआ, आप रिकार्ड

[श्री एस० एम० शमीम]

कन्सल्ट कीजिए, जबकि मैंने मारुति का जिक्र किया हो, एक भी ऐसा मौका नही आया है जब मैं ने श्री एल० एन० मिश्रा के मुताबिक एक भी लफ्ज इस्तेमाल किया हो । यह भी एक वाक्या है कि जब यहां हाउस मे सत्याग्रह हो रहा था, आई वाज नाट ए पार्टी टु इट । मैं यह भी याद दिलाना चाहूगा कि जब मुरारजी देसाई तकरीर करने के लिए खडे हुए और उन्होने यह दावा किया कि वे सारी अपोजीशन की जानिब से बोल रहे है तो मै ने कहा था कि आप सारी अपोजीशन की जानिब से बोलते रहे लेकिन मेरी जानिब से आपको बोलने का हक नही है । यह सब कहने के बाद मैं यह कहूंगा कि आज वे लोग भी मिसेज इन्दिरा गाधी की तारीफ कर रहे हैं जो इमर्जेन्सी मे पहले उन की मुखालफत करते थे मसलन मुस्लिम लीग मसलन मि० मनोहरन । अगर वे आज हिदायत कर रहे हैं, तारीफ कर रहे हैं तो क्या वजह है कि मैंन अपने ऊपर यह फर्ज सौपा है कि मैं उन की मुखालफत करू । फक्र इसलिए जाहिर करना चाहता हू कि इस से पहले हर नाजुक मसले पर मिसेज गाधी के कहे बगैर उन की हिदायत के बगैर मैंने अपने दिल की आवाज पर उन की हर पालिसी की, जो सही पालिसी थी, हिमायत की है और अक्सर यहा झगडे होते थे । स्वर्गवासी श्यामनन्दन मिश्र जी ने एक बार मुझे कहा था कि आप तो जबर्दस्त लायलिस्ट है । यह ताना मैंने बर्दाश्त किया था ।

SHRI S. M. BANERJEE (Kanpur): This is not proper. It should be expunged.

श्री एस० एम० शमीम स्वर्ग ही समझ लीजिए । . . . (व्यवधान)

उस की वजह यह है कि उस वक्त मिसेज गांधी के पास एक मोरल ताकत थी ।

स्वर्ग के माने जन्नत के हैं, पैरेडाइज के हैं । काश्मीर को भी लोग जन्नत कहते हैं । मैं वहां का बाशिंदा हू । मुझे भी कोई स्वर्ग मे रहने वाला कहता है तो मैं उसको गाली नही समझता हू । उसको मैं अपनी तारीफ समझता हू । मुझे मालूम हुआ है कि श्याम नन्दन बाबु वहा इत्मीनान से बैठे हुए हैं । मुझे इससे बड़ा इत्मीनान हुआ है । वह वहा बडे मजे लेते हैं, इसलिए किसी को एहतराज करने की जरूरत नही है ।

उस वक्त मिसिज गाधी के पास एक जबर्दस्त मारल शक्ति थी ।

She was running the world's greatest democracy.

लेकिन 26 जून के बाद जो कुछ हुआ है उससे मैं अपने आपको कनविंस नही कर सका हू और अपने आपको समझा नही पाता हू कि अब उनके पास मारल स्ट्रैन्थ बाकी रह गई है । इसलिए मैंने अपने ऊपर यह फर्ज अदा किया है कि सिर्फ इसलिए कि मुल्क में एमरजेंसी का दौर दौरा है डर है खौफ है इस वास्ते मैं डर के सामने हथियार डाल दू उसके लिए मैं तैयार नही हू । मैं अदाजा कर सकता हू, समझ सकता हू कि इस बात को कि मुल्क मे ऐसा वातावरण था, इस हाउस मे ऐसा वातावरण था जो बहुत खराब था, बहुत ज्यादती हो रही थी, एक किस्म की गुंडागर्दी थी । आलम यहा तक था और मैं अपने आप को फिर दोहराता हू कि एमरजेंसी के बाद यह जाहिर नही होता कि मिसिज गाधी सिर्फ उन लोगो के खिलाफ थी या उन से नाराज थी जो हाउस मे हल्ला किया करते थे लेकिन मिसिज गाधी बैक्वर्ड नाराज हैं अखबारात से, पूरी पार्लियामेंट से नाराज है, मुल्क की ज्युडिशरी से नाराज हैं, विधान से नाराज हैं । उनको बन्द करने के बाद उन्हें यहा हल्ला करने की इजाजत नही दी जाएगी, मैं मान सकता हू । और बात करने की जरूरत नहीं थी । लेकिन ज्युडिशरी के

मुताल्लिक, सारे लाज के मुताल्लिक, कांस्टीट्यूशन के रिव्यु के मुताल्लिक उन्होंने कहा है और इसलिए कहा कि ज्युडिशरी इज टु इंडिपेंडेंट । इसके माने यह है कि सिर्फ बहाना था जो यहां हुल्लडबाजी कर रहे थे उनका और जो बन्द हैं जिन को मैं स्वर्गवासी नहीं कह सकता हूं लेकिन वे बन्द हैं । नाराजगी किस पर है ? प्रैस पर है । खबरदार यहां कोई बात कही जाती है तो उसको मेरी इजाजत के बगैर कोई शाया न करे । सिर्फ इस मुल्क की प्रेस से नाराज नहीं हैं, सारी दुनिया की प्रेस से नाराज हैं ।

अकसर हवाला दिया जाता है कि विदेशी मुल्कों के अखबारात हमारे खिलाफ लिखते हैं । कहा जाता है कि सी आई ए ने क्या क्या किया और क्या क्या नहीं किया गैर मुल्कों मे, वहां की हकूमतों का तख्ता पलटने के लिए मैं पूछना चाहता हू कि इसकी इत्तिला आपको किस ने दी कि सी आई ए गैर मुल्कों मे आप्रेट कर रहा है । इत्तिला क्या जासूस ब्रह्मानंद रेड्डी जी ने दी, क्या उन्होने यह कहा, क्या ओम मेहता जी ने कहा ? उन्होंने नही कहा । यह इत्तिला आपको विदेशी अखबारात ने ही दी । न्यु यार्क टाइम्स में छपी थी, वाशिंगटन पोस्ट में छपी थी ।

प्रधान मंत्री, योजना मंत्री, परमाणु ऊर्जा मंत्री, इलैक्ट्रानिक्स मंत्री तथा अन्तरिक्ष मंत्री (श्रीमती इंदिरा गांधी) : जब कहा था उस वक्त कही नही छपी थी ।

श्री एस० ए० शमीम आपको याद नही है । सी०आई०ए० ने सब से पहला स्कैंडल कब किया था क्या इसके बारे मे सब से पहले इत्तिला आपको न्युयार्क टाइम्स ने नहीं दी तश्नअजवाम ? बगला देश के बारे मे आपको इनफर्मेशन क्या न्यु यार्क टाइम्ज ने नही दी थी । तमाम सी आई ए की एक्टिविटीज के मुताल्लिक आपको अमरीकन प्रैस के जरिये इत्तिलायें मिलीं वगर्नेकि आपके पास वगैरहगास्त कोई रास्ता न हो जिस को मैं नहीं जानता हूं । आपने कबूल किया है, आपने सहारा लिया है । जब आपको सूट करता है तब आप उसी मुल्क के सिस्टम को यटिलाइज करती रही हैं वहां के मुताल्लिक इनफर्मेशन के लिए ।

You are paying compliments to them but we want that the very compliments should be paid to the Press.

इशूज साटे आउट कीजिये । मिसिज गाधी डिक्टेटरशिप के रास्ते पर जा रही है । अब इसका फैसला करने का हक मिसिज गाधी को नही है मुझे है । उनके बयानात पढ कर, उनकी गफ्तगू ..., उनकी तकरीरो को सुन कर मैं यह बात कह सकता हू । उनकी तकरीरें मैंने बडी तवज्जह से सुनी है पढी हैं । आपको मालूम होना चाहिये कि क्रिमिनल ला और सिविल ला का एक बेसिस होता है ।

The burden is on who is accused.

मिसिज गाधी चाहती हैं कि सी आई ए के एजट यहा काम कर रहे हैं । अगर वे काम कर रहे है तो उसके बाद वह कहती हैं कि मुझ से इसके प्रूफ के बारे मे क्यो पूछते हो, यह उनका काम है जो कहते हैं कि हम नही कर रहे है और वे इसका प्रूफ दे । ।

That is not the language of a democrat because the fundamentals of Jurisprudence are that the burden is on who is accused

लेकिन लहजा बदल गया है, आवाज बदल गई है । यह किसी डैमोक्रेट की आवाज क्या हो सकती है ? मैंने अपने कानो से उनको सुना है । उन्होंने यह कहा है कि मैंने कोई गलत बात नही कही है, कोई है मुल्क मे जो कह सके कि मैंने कोई गलत बात कही है, कोई है मुल्क में जो कहे कि मैंने कभी कहा है कि यह होगा और वह नही हुआ ? खुदा को जिस की किताब हम पढते हैं, कुरान और गीता वह भी यह नही कहती है ।

श्रीमती इंदिरा गांधी कौन सा बताया है कि ऐसा होगा इसको आप बता दीजिए ।

श्री एस० ए० शमीम आपने कहा कि गुजरात मे हम इलेक्शन जीतेंगे आप हार गई....

[شری ایس - اے- شمیم (شری نگر): مسٹر ڈپٹی سپیکر صاحب -سب سے پہلے میں یہ بات کہنا چاہتا ہوں کہ جب صدر صاحب نے اپنا خطبہ پڑھا تو اس وقت میں موجود نہیں تھا- میں نے وہ خطبہ سنا نہیں - اس کے بعد جب یہ کاپی ملی تب بھی میں نے اس کو پڑھا نہیں اس لئے کہ میں نہیں سمجھتا کہ اس کو پڑھنے کی کوئی ضرورت ہے - میں اندازہ کر سکتا ہوں اور میرا اندازہ صحیح ثابت ہوا ہے کہ اس میں وہی باتیں کہی گئی ہونگی جو میں نے سوچی تھیں کہ صدر صاحب کہینگے کیونکہ صدر صاحب کا ایڈریس اپنا لکھا ہوا ایڈریس نہیں ہوتا ہے - اُن کی خدمات جو ہیں وہ صرف خطبے کو پڑھنے کے لئے حاصل کی جاتی ہیں - اس لئے سب سے پہلی بات میں کہنا چاہوں گا کہ ایمرجینسی کو جستیفائی کرنا صدر صاحب کا کام تھا اور ان کی صدارت کا یہ ایک حصہ تھا -

میں آپ کو یاد دلانا چاہونگا - کہ مجھے یہاں پانچ چھہ سال کے قیام کے دوران ایک بار بھی ایسا واقعہ نہیں ہوا—آپ ریکارڈ کنسلٹ کیجئے— جبکہ میں نے مارروتی کا ذکر کیا ہو- ایک بھی ایسا موقعہ نہیں آیا ہے جب میں شری ایل این مشرا کے متعلق ایک بھی لفظ استعمال کیا ہو - یہ بھی ایک واقعہ ہے کہ جب یہاں ہاؤس میں ستیہ گرہ ہو رہا تھا - آئی واز نوٹ اے پارٹی ٹو اٹ- میں یہ بھی یاد دلانا چاہوں گا کہ جب مرارجی ڈیسائی تقریر کرنے کیلئے کھڑے ہوئے اور انہوں نے یہ دعوہ کیا کہ وہ ساری اپوزیشن کی جانب سے بول رہے ہیں تو میں نے کہا تھا کہ آپ ساری اپوزیشن کی جانب سے بولتے رہیں لیکن میری جانب سے بولنے کا آپ کو کوئی حق نہیں- یہ سب کہنے کے بعد میں یہ کہوں گا کہ آج وہ لوگ بھی مسز اندرا گاندھی کی تعریف کر رہے ہیں جو ایمرجینسی سے پہلے ان کی مخالفت کرتے تھے- مثلاً مسلم لیگ، مسٹر مدھون - اگر وہ آج حمایت کر رہے ہیں - تعریف کر رہے ہیں - کہ کیا وجہ ہے کہ میں نے اپنے اوپر یہ فرض سونپا ہے کہ میں ان کی مخالفت کروں - یہ فرق اس لئے ظاہر کرنا چاہتا ہوں کہ اس سے پہلے ہر نازک مسئلے پر مسز گاندھی کے کہے بغیر ان کی ہدایت کے بغیر میں نے اپنے دل کی آواز ان کی ہر

پالیسی کی جو صحیح پالیسی تھی حمایت کی ہے - اور اکثر یہاں جھگڑے ہوتے تھے - سورگ باسی للت نارائن مشرا جی نے ایک بار مجھے کہا تھا کہ آپ تو زبردست ٹاٹولسٹ ہیں- یہ طعنہ میں نے برداشت کیا تھا -

SHRI S. M. BANERJEE: This is not proper. It should be expunged.

شری ایس- اے- شمیم : سورگ ھی سمجھ لیجئے - اس کی وجہ یہ ھے کہ اس وقت مسز گاندھی کے پاس ایک مورل طاقت تھی - سورگ کے معنی جنت کے ھیں - پیراڈائیز کے ھیں - کشمیر کو بھی لوگ جنت کہتے ھیں - میں وہاں کا باشندہ ھوں - مجھے بھی اگر کوئی سورگ میں رہنے والا کہتا ھے تو میں اس کو گالی نہیں سمجھتا ھوں - اس کو میں اپنی تعریف سمجھتا ھوں - مجھے معلوم ھوا ھے کہ شام نندن بابو وہاں اطمینان سے بیٹھے ھوئے ھیں - مجھے اس سے بڑا اطمینان ھوا ھے - وہ وہاں بڑے مزے لیتے ھیں - اس لئے کسی کو اعتراض کرنے کی ضرورت نہیں ھے - اس وقت مسز گاندھی کے پاس ایک زبردست مارل شکتی تھی -

She was running the world's greatest democracy.

لیکن ۲۶ جون کے بعد جو کچھ ھوا ھے اس سے میں اپنے آپ کو کلوبلس نہیں کر سکا ھوں - اور اپنے

آپ کو سمجھا نہیں پاتا ھوں - کہ اب ان کے پاس مورل سٹرینگتھ باقی رہ گئی ھے - اس لئے میں نے اپنے اوپر یہ فرض عائد کیا ھے کہ صرف اس لئے کہ ملک میں ایمرجینسی کا دور دورہ ہے ڈر ھے، خوف ھے - اس واسطے میں ڈر کے سامنے ھتھیار ڈال دوں اس کے لئے میں تیار نہیں ھوں - میں اندازہ کر سکتا ھوں، سمجھ سکا ھوں - اس بات کو کہ ملک میں ایسا واتاورن تھا، اس ھاؤس میں ایسا واتاورن تھا - جو بہت خراب تھا، بہت زیادتی ھو رھی تھی، ایک قسم کی غلقہ گردی ھو رھی تھی - عالم یہاں تک تھا اور میں اپنے آپ کو پھر دوھراتا ھوں کہ ایمرجینسی کے بعد یہ ظاہر نہیں ھوتا کہ مسز گاندھی صرف ان لوگوں کے خلاف تھیں یا ان سے ناراض تھیں - جو ھاؤس میں ہلا کیا کرتے تھے - لیکن مسز گاندھی ٹھیک وقت ناراض ھیں اخبارات سے - پوری پارلیمنٹ سے ناراض ھیں- ملک کی جیوڈیشری سے ناراض ھیں - ودھان سے ناراض ھیں - ان کو بند کرنے کے بعد انہیں یہاں ہلا کرنے کی اجازت نہیں دی جائیگی - میں مان سکتا ھوں اور بات کرنے کی ضرورت نہیں تھی لیکن جیوڈیشری کے متعلق سارے لاز کے متعلق، کانسٹیٹیوشن کے ریویو کے متعلق انہوں نے کہا ھے اور اس لئے کہا کہ جیوڈیشری از ٹوو

[شری ایس اے - شمیم]

انڈیپنڈینٹ- اس کے معنی یہ ہیں کہ صرف بہانا یہ جو یہاں ھلڑ بازی کر رہے تھے - ان کا اور جو بند ہیں - جن کو میں سورگ باش نہیں کہہ سکتا ہوں لیکن وہ بند ہیں - ناراضگی کس پر ہے ؟ پریس پر ہے - خبردار یہاں کوئی بات نہ کی جاتی ہے - تو اس کو میری اجازت کے بغیر کوئی شائع نہ کرے - صرف اِس ملک کی پریس سے ناراضگی نہیں ہے ساری دنیا کی پریس سے ناراض ہیں - اگر حوالہ دیا جاتا ہے کہ بدیشی ملکوں کے اخبارات ہزا ہمارے خلاف لکھتے ہیں- کہا جاتا ہے کہ سی آئی اے نے کیا کیاکیا اور کیا کیا نہیں کیا غیر ملکوں میں، وہاں کی حکومتوں کا تختہ پلٹنے کے لئے - میں پوچھنا چاہتا ہوں کہ اس کی اطلاع آپ کو کس نے دی کہ سی آئی اے غیر ملکوں میں اوپریٹ کر رہا ہے- اطلاع کیا جاسوس پرمانند ریڈی جی نے دی- کیا انہوں نے یہ کہا، کیا اوم مہتہ جی نے یہ کہا- انہوں نے نہیں کہا- یہ اطلاع آپ کو بدیشی اخبارات نے ہی دی ہے - نیویارک ٹائمز میں چھپی تھی، واشنگٹن پوسٹ میں چھپی تھی -

شریمتی اندرا گاندھی : جب کہا تھا اس وقت کہیں نہیں چھپی تھی

شری ایس اے شمیم : آپ کو یاد نہیں ہے - سی آئی اے نے سب سے پہلا سکنڈول کب دیا تھا - کیا آپ اس کے بارے میں سب سے پہلے اطلاع آپ کو نیویارک ٹائمز نے نہیں دی تھی - بنگلہ دیش کے بارے میں انفورمیشن آپ کو کیا نیویارک ٹائمز نے نہیں دی تھی - تمام سی آئی اے کی ایکٹیویٹیز کے متعلق آپ کو امریکن پریس کے ذریعے اطلاعیں ملیں بشرطیکہ آپ کے پاس بوا راست کوئی راستہ نہ ہو جس کو میں نہیں مانتا آپ نے قبول کیا ہے - آپ نے سہارا دیا ہے - جب آپ کو سوٹ کرتا ہے تو آپ اس ملک کے سسٹم کو پوپیولائز کرتی رہی ہیں وہاں کے متعلق انفورمیشن کے لئے -

You are paying compliments to them but we want that the very compliments should be paid to the Press

ایندوز سورت آوٹ کہیئے مسز گاندھی ڈکٹیٹر شپ کے راستے پر جا رہی ہیں - اس کا فیصلہ کرنے کا حق مسز گاندھی کو نہیں ہے مجھے ہے - ان کے بیانات پڑھکر، ان کی گفتگو سے - ان کی تقریروں کو سن کر میں یہ بات کہہ سکتا ہوں - ان کی تقریریں میں نے بڑی توجہ سے سنی ہیں پڑھی ہیں - آپ کو معلوم ہونا چاہئے کہ کریمنل لا اور سول لا کا ایک بیسر ہوتا ہے -

The burden is on who is accused.

مسز گاندھی کہتی ہیں کہ سی آئی اے کے ایجنٹ یہاں کام کر رہے ہیں - اگر وہ کام کر رہے ہیں تو اس کے بعد وہ کہتی ہیں - کہ مجھ سے اس کے پروف کے بارے میں کیوں پوچھتے ہو - یہ ان کا کام ہے جو پوچھتے ہیں کہ ہم نہیں کر رہے ہیں - اور وہ اس کا پروف دیں -

That is not the language of a democat because the fundamentals of jurisprudence are that the burden is on who is accused.

لیکن لہجہ بدل گیا ہے - آواز بدل گئی ہے - یہ کسی ڈیموکریٹ کی آواز کہاں ہو سکتی ہے - میں نے اپنے کانوں سے ان کو سنا - انہوں نے یہ کہا ہے کہ میں نے کوئی غلط بات نہیں کہی ہے - کوئی ہے ملک میں جو کہہ سکے کہ میں نے کوئی غلط بات کہی ہے - کوئی ہے ملک میں جو کہتے کہ میں نے کبھی کہا ہے - کہ یہ ہوگا اور وہ نہیں ہوگا - خدا کی جس کی کتاب ہم پڑھتے ہیں - قرآن اور گیتا وہ بھی یہ نہیں کہتی ہیں -

شریمتی اندرا گاندھی : کون سا بتایا ہے کہ ایسا ہوگا - اس کو آپ بتا دیجئے -

شری ایس اے شمیم : آپ نے کہا کہ گجرات میں ہم الیکشن جیتیں گے - آپ ہار گئیں -]

SHRIMATI INDIRA GANDHI: When this question was asked, I replied "I never prophesy about the result of election", not once but many times.

SHRI S. A. SHAMIM: मैं दर्जनों बातें ऐसी बता सकता हूं जिन से पता चल जाएगा...

एक माननीय सदस्य : यह बात तो गलत साबित हो गई, दूसरी बताइये।

SHRI S. A. SHAMIM: I told Mrs. Gandhi that she was proved wrong. Mrs. Gandhi made a categorical statement, "I will never bow before Mr. Morarji's demand for Gujarat elections." She had to bow.

SHRIMATI INDIRA GANDHI: If he quotes me wrongly, how can I just sit quiet.

SHRI S A SHAMIM: Mrs. Gandhi said a hundred times, "I will have no takes with the Opposition leaders. (Interruptions) It will not happen." (Interruptions) Gujarat Assembly was dissolved. She has not been proved wrong once. She has been proved wrong 101 times. (Interruptions) आप तो डिसिप्लिन की देवी हैं। कम से कम आप तो सुनें।

श्रीमती इन्दिरा गांधी : डिसिप्लिन की बात नहीं है। जब आप मुझे गलत कोट कर रहे हैं तो जरूर मैं आपको टोकूंगी।

श्री एस० ए० शमीम : आप बुरा न मानें

श्रीमती इंदिरा गांधी : जब आप मुझे कोट कर रहे हैं तो गलत कोट नहीं कर सकते हैं।

उपाध्यक्ष महोदय : आप खत्म करें।

श्री एस० ए० शमीम :

I was interrupted by no less a person than the Prime Minister herself.

MR. DEPUTY-SPEAKER: No interruptions please.

श्री एस० ए० शमीम : गलत कोट करने का हक भी मुझे है और उसके लिए डिप्टी स्पीकर साहब मौजूद हैं । इसी एवान में आपने कहा था कि गुजरात में इलैक्शन वक्त के पहले नहीं करवाऊंगी, गुजरात असैम्बली डिसाल्व नहीं करूंगी, गुजरात असैम्बली को आपने डिसाल्व किया । बहरहाल यह बात नहीं है । अगर आपको इस में मसरत—

MR. DEPUTY-SPEAKER: Now, Mr. Shamim, please conclude.

SHRI S. A. SHAMIM: Let me conclude, Sir.

मैं अर्ज कर रहा था कि आपने कहा था कि मैं कभी गलत साबित नहीं हो सकती और आप गलत साबित हुई चाहे आप लाख कहे कि मैं गलत साबित नहीं हुई हूं ।

श्री बसन्त साठे (अकोला) : एक तो सही उदाहरण दें । जितने दिए हैं सब गलत साबित हो चुके हैं । दस मिसालें आपने दी हैं वे सब गलत साबित हुई हैं ।

श्री एस० ए० शमीम : इमरजेंसी नाफिज हुई । एमरजेंसी के बड़े गुण है, बड़े फायदे हैं । उन्होंने खुद कहा था कि एमरजंसी इज ए बिटर मेडीसिन और यह मेडीसिन तब दी जाती है जब मरीज की सेहत खराब हो । जितनी देर मरीज की सेहत खराब रहती है तब तक दी जाती है । अगर ज्यादा देर खराब रहती है तो उसके दो ही नतीजे हो सकते हैं । एक तो यह कि दवाई गलत दी गई है और मरीज की सेहत ठीक नहीं हो रही है और दूसरा यह डाक्टर गलत है, डाक्टर ने सही अंदाजा नहीं किया है । आज लोग बात कर रहे हैं कि एमरजंसी इंडफिनिट होनी चाहिये । इसलिए यह बात कर रहे हैं कि मुल्क में डिबेट और डिसेंट खत्म हो जाए । आज मुल्क में यह खत्म होता तो मुझे मातम नहीं होता । लेकिन खुद कांग्रेस पार्टी में डिबेट खत्म हो गया है । जिस देश में कांग्रेस पार्टी के मैम्बर गिरफ्तार किए जाएं इसलिए कि पार्टी में डिबेट न हो तो इसका क्या मतलब निकाला जा सकता है ? अपोजीशन के मैम्बर राइट रिएक्शनरी हो सकते है, गलत हो सकते हैं लेकिन आपने चंडीगढ़ का तमाशा देखा होगा । वहां वन वायस आफ डिसेंट नहीं हुआ । मिसिज गांधी ने जगजीवन राम को बिठा दिया कि उन्होंने डिफेंड इनको नहीं किया मुल्क में यह हालत है ।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please conclude now.

SHRI VASANT SATHE: On a point of order, Sir. A Member is wrongly quoting a case. (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: I am listening to the point of order.

SHRI VASANT SATHE: If whatever has happened outside, is quoted here wrongly, knowing that it is wrong, and quoted here purposely to scandalize the convention of a political party, it is completely unparliamentary; and this will not be allowed to go on record.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Order please, order please.

SHRI S. A. SHAMIM: I said there was... (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Order, order. Well, Mr. Shamim, a point of order has been raised. Allow me to dispose it of. We should speak with utmost responsibility and whatever we say in the House, we must be sure

that what we say is correct. Now, order please, order. In this case, I am not in a position to say what is correct, what is not correct. If he has made some statement and that has been strongly repudiated from the other side....

SHRI S. A. SHAMIM: What is that statement?

MR. DEPUTY-SPEAKER: Both are on record, and what Mr. Shamim has said has been refuted by the Congress side that it is not true. The matter should end there. How am I to decide what is right?

SHRI VASANT SATHE: Once it has been refuted categorically, he should not be allowed to continue it.

SHRI R. S. PANDEY (Rajnandgaon): He says that he has got every right to speak wrongly.

MR. DEPUTY-SPEAKER: That is not right. Knowing that it is wrong, if he makes a statement, that is not fair.

श्री राम सहाय पांडेय : यह कह रहे थे कि अगर यहां पर गलत बोलने का हक भी है तो मुझ को है, मैं गलत बोल सकता हूं ।

SHRI S. A. SHAMIM: If you check up the record, I said and I repeat, "Whether I said the truth or the untruth, you are nobody to decide it, the hon. Deputy-Speaker will decide it."

MR. DEPUTY-SPEAKER: This is not correct. Unless I know what is the truth, how can I decide whether it is correct or not?

SHRI R. S. PANDEY: Please see the record.

MR. DEPUTY-SPEAKER: I have already upheld your point, that no Member can say that, knowing that it is wrong, he can make a statement.

SHRI S. A. SHAMIM: I said that when I make a statement, if somebody says that it is not true, I will not accept his word that it is not true. When I make a statement, I make it with the fullest responsibility. If somebody says that it is not true, it is for him to prove it. This logic should not be carried to its illogical end that it is I who have to prove it.

मैं अर्ज कर रहा हूं कि एमरजेंसी कितनी देर जारी रहेगी ? एमरजेंसी के लिये अगर यही है कि हर अपोजिशन लीडर यह लिखकर दे दे कि वह कोई ऐसी इन-कंवीनियेंट बात नहीं करेगा जिससे हुक्मरान जमात को तकलीफ हो तो यह फिर समझ लेना चाहिये कि एजरजेंसी 100 साल तक कायम रहेगी । जिस तरीके से और जिस तौरपर कांग्रेस मेम्बरर्स ने एमरजेंसी की हिमायत की है उससे यह जाहिर होता है कि

They have decided to change the system, they are on the path of dictatorship.

इस्पात खान मंत्री (इन्द्रजीत यादव) : उपाध्यक्ष महोदय, जी, लगभग 6 महीने हुए, जब हमारे देश आपातकालीन स्थिति लागू की गई । इस 6 महीने के बीच में हम इस सदन में दूसरी बार मिल रहे हैं । यह इस बात का प्रमाण है कि आज भी हम अपने देश में संसद् की प्रभुता को स्वीकार करते हैं और इस देश की उन्नति में, इसके प्रशासन में और इस देश की जनता के आर्थिक और सामाजिक जीवन में जो कुछ भी हम परिवर्तन लाना चाहते हैं, हम समझते हैं कि उसका माध्यम यह हमारी संसद् है । और इसीलिए हमने इस देश में जो कुछ भी किया है, हमें इस बात का गर्व है कि पिछले 27 वर्षों में इस देश की जनता का विश्वास प्रजातंत्र में और इस देश की संसदीय व्यवस्था में निरन्तर बढ़ता चला जा रहा है ।

[श्री इन्द्रजीत यादव]

15.54 hrs.

[SHRI VASANT SATHE *in the Chair*]

श्रीमन्, आपातकालीन स्थिति देश मे क्यो लागू की गई ? लागू करने के दिन ही प्रधान मंत्री ने अपने बहुत मुख्तसर भाषण मे देश की जनता को अपना सन्देश दिया था कि कैसी स्थिति थी। हम जानते थे, उस समय हमारा देश हमारी जनता एक सकट के दौर से गजर रही थी। हमारे देश मे बहुत बडी महगाई थी मुद्रास्फीति थी, जनता के लिये जरूरी सामान का बहुत बडा अभाव था और उससे हमारे देश की जनता म गहरा असन्तोष था। वह स्थिति इसलिए थी कि दुनिया मे और हमार देश के अन्दर बहुत सी ऐसी घटनाये घटी, जिन पर हमारा काबू नही था। उदाहरण के लिये दुनिया म तेजी के साथ महगाई बढी, मद्रास्फीति हुई। दुनिया के उन देशो ने जो पेट्रोल जैसा पदार्थ पदा करते है उन्होन उसकी कीमत बढाई और हमारे देश की आर्थिक व्यवस्था पर लाजमी तरीके से उसका एक गहरा असर पडा। हमारे देश म बाढ और सूखे की ऐसा स्थिति पदा हुई जो पिछले कई वर्षों मे नही हुई थी। हम जानते थे कि हमारी जनता सकट म है। हमारी परा कोशिश थी कि हम उसे उस सकट से निकाल उसकी सहायता करे और बिगडती हुई आर्थिक स्थिति पर काबू पाय और उस समय जो भी सरकार और देश के सामने सम्भव था किया जा रहा था। यह मामूली बात नही थी। लगभग 25 करोड देश की जनता सूखे और बाढ की शिकार थी। उसकी मदद करन के लिए सरकार ने कोई साधन नही उठा रखा था मदद करने की कोशिश की गई। हमने मद्रास्फीति को रोकना चाहा।

अभी डा० वी० के० आर० वी० राव ने सही कहा। हम अपने देश म नही दुनिया के मच पर अपना सिर ऊचा कर क इस बात को कह सकते हैं कि जब एक ऐसी स्थिति आई कि यहा 31 फीसदी मुद्रास्फीति हुई तो हमने जो भी सम्भव था किया। हमने अपने देश के अनावश्यक खर्चों को काटा। इस देश की उन ताकतो पर जो बैंको के साधनो का नाजायज फायदा उठाती थी, हमने उन पर नियत्रण लगाया और दूसरे कदम उठाये। हमे इस बात का एहसास है कि हमने कुछ एसे भी कदम उठाये कि उससे हमारे गरीब मजदूरो तक को थोडी कठिनाई और मुसीबत हुई। लेकिन देश के हित मे, राष्ट्र के और उनके खुद के भविष्य के हित मे कदम उठाये गये। नतीजा यह हुआ कि हमने मुद्रास्फीति पर काबू पाया। हमने देश मे साधनो को बढाने की कोशिश की उत्पादन बढाने के लिये कोशिश का ताकि जनता मे अभाव की स्थिति को हम दूर कर सके।

अपनी आर्थिक स्थिति से हमे आज भी सन्तोष नही है हमारे प्रयास जारी है प्राथमिकताए तय हो रही है सरकार अपने साधन इकट्ठे कर रही है। सरकार अपनी पूरी शक्ति से काम कर रही है। हमारी जनता का सहयोग हमे उसम मिला है। हम सकट, भय महगाई और मद्रास्फीति के दौर से निकले है और एक नये दौर की तरफ हमार देश न चरण रखा है। आज प्रकृति ने भी सहयोग दिया है हमारी फसल अच्छी है। हमार किसान और हमार मजदूर अपने देश के उत्पादन के काम म लगे हुए है। एक नया वातावरण आज हम अपने देश म पैदा कर रहे है।

लेकिन श्रीमन जब एक राष्ट्रीय सकट का जमाना था, मुझे याद है, प्रधान मत्री जी ने एक बार नही अनेक बार इस देश की जनता से अपील की कि इस समय एक रहो हम सब मिलकर काम करे। सूखे पर हमारा काबू नही, बाढ पर काबू नही, अन्तर्राष्ट्रीय परिस्थिति पर काबू नही। यह राष्ट्रीय सकट है, हम अपने मतभेद भुलाकर जनता की सहायता करे। लेकिन दुर्भाग्य इस देश का, कम्युनिस्ट पार्टी को छोडकर तमाम विरोधी दलो ने अभाव की स्थिति का, महगाई का और देश

में आये हुए संकट का अपने क्षुद्र राजनीतिक स्वार्थ के लिये लाभ उठाने के लिए इस्तेमाल करने की कोशिश की । हड़तालें ही नहीं कराई गई, हिंसा, टकराव, तोड़फोड़, और चरित्रहनन का वातावरण इस देश में पैदा किया गया और एक ऐसी स्थिति पैदा की गई कि देश और सरकार लुजपुंज हो जाये ।

आखिर में आपने देखा कि इस खुले मंच से बरसों से आह्वान किया जा रहा था--फौजों को बगावत का, पुलिस, सरकारी कर्मचारियों और नौजवान विद्यार्थियों को बगावत का आह्वान कर देश में बगावत का माहौल पैदा किया जा रहा था । उन्मादन को रोकने के लिए क्या नहीं किया गया ? आखिर में हमारे एक सहयोगी की हत्या की गई । ऐसी शक्तियां खुलेआम उसमें काम कर रही थी । प्रधान मंत्री पर तानाशाह होने का आरोप लगाया गया । अगर प्रधान मंत्री तानाशाह होतीं और उनका देश की जनता में विश्वास न होता तो जो आपतकालीन स्थिति 25 जून को उन्होंने इस देश में लागू की मजबूर होकर, जब ऐसे षडयंत्र किये जा रहे थे, देश में प्रजातंत्र समाप्त करने के लिये, आदर्शों को समाप्त करने के लिये, आजादी को खतरे में डालने के लिये, विदेशी ताकतों को इस देश में दखल देने का मौका देने के लिये, तब उनके पास कोई चारा नही रह गया था । देश की आजादी, आदर्श, जनता के भविष्य के हितों का जब इन ताकतों के जरिये ध्यान नही रखा जा रहा था, जिन पर जनमत का कोई असर नही पड रहा था, जिनको देश के हितों को कोई ज्ञान-अज्ञान नही रहा था तो प्रधान मंत्री ने इस कदम को उठाया ।

शमीम साहब यहां नही है । प्रधान मंत्री के बारे मे जो भी उनका एहसास हो, जो भी उनके व्यक्तित्व का मूल्यांकन उनको हो वह कहे । लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि काश्मीर से लेकर कन्या कुमारी तक हिन्दुस्तान की करोड़ों जनता यह अहसास करती है कि प्रधान मंत्री हमारी प्रिय नेता हैं, उनके हाथ मे हमारे देश का भविष्य सुरक्षित है । देश की जनता कहती है कि जिस काम को प्रधान मन्त्री ने 25 तारीख को किया वह पहले क्यों नहीं किया । प्रधान मन्त्री ने यह नही किया, वह सोचती थी कि शायद वह दल सोचेंगे, जनता के हितों को देखेंगे, शायद उन पर जनमत का कोई असर पड़ेगा । बडी-बडी प्रार्थनाएं की गई अनुरोध किया गया, उनसे बातचीत की गई लेकिन कुछ नही । उनके पीछे षडयंत्र था, एक चाल थी इसलिये बात को नजरन्दाज कर दिया गया ।

मुझे अफ़सोस है कि शमीम साहब ने कहा है कि अखबारों की स्वतन्त्रता को समाप्त कर दिया गया है । प्रश्न यह कि क्या हम ने 27 साल तक अखबारों के लिए कोई बाधा उपस्थित की । वे चाहे जिस तरह से कार्य करें, इसके लिए उनको हर प्रकार की सहूलियत और सुविधा देने की कोशिश की गई । हम सब जानते है कि पिछले कई बरसों से

[श्री चन्द्रजीत यादव]

कुछ अखबार किस तरह की भूमिका अदा कर रहे थे। इसीलिए इस सदन में बार-बार यह मांग की गई कि उन के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही करनी चाहिए और उन पर नियंत्रण होना चाहिए। ये अखबार इस देश की जनता का मनोबल तोड़ने का काम कर रहे थे।

उदाहरण के लिए एक पार्टी का अखबार इसी दिल्ली में निकलता था---जनसंघ का **मदरलैंड**। वह अखबार लगभग एक साल से प्रधान मंत्री के निजी व्यक्तित्व और उन के परिवार के बारे में अपने मन से घड़ कर गैर-जिम्मेदार झूठी और अनर्गल बातें प्रकाशित कर रहा था। उन को पढ़ कर एक साधारण नागरिक का खून भी खौल उठता था कि आखिर यह क्या हो रहा है, क्या यही अखबारों की आजादी है। लेकिन प्रधान मंत्री ने एक बार भी उस अखबार के खिलाफ कुछ नहीं किया कोई कदम नहीं उठाया।

हिन्दुस्तान की प्रधान मंत्री एक मामूली मवक्किल की तरह चार साल तक अपने विरुद्ध इलैक्शन पेटीशन के केस की पैरवी करती रहीं, और उन्होंने इस सम्बन्ध में किसी विशेष अधिकार का प्रयोग नहीं किया। इससे बढ़ कर प्रजातंत्र का क्या प्रमाण हो सकता है? प्रधान मंत्री के खिलाफ फैसला हुआ, और उनको अपील करने का मौका दिया गया। लेकिन कुछ लोगों की तरफ से कहा गया कि उन को अपील नहीं करने दी जायेगी, प्रधान मंत्री को इस्तीफा देना पड़ेगा, जब प्रधान मंत्री का केस सुप्रीम कोर्ट में जायेगा तो वहां बैंच में कौन कौन जज होंगे, कौन उस बैंच की सदारत करेगा, आदि। कौन लोग ये बातें कह रहे थे। इस तरह की तानाशाह की भाषा दूसरे लोग बोल रहे थे।

श्री समर मुकर्जी इस समय सदन में नहीं हैं। इस देश में एक सम्पूर्ण क्रांति का नारा दिया गया। वह सम्पूर्ण क्रांति नहीं थी, बल्कि प्रति क्रांति थी---वह टोटल रेवोल्यूशन नहीं था, बल्कि काउंटर-रेवोल्यूशन था। उस को ले कर इस देश में हिंसा, तोड़-फोड़ और अराजकता की कार्यवाहियां की जा रही थीं। मैं बड़ी नम्रता से श्री समर मुकर्जी से पूछना चाहता हूं कि कौन उसके नेता थे। दुनिया जानती है कि जनसंघ और आर० एस० एस० के नेता उसके नेता थे। पूर्ण क्रांति के नेता ने उस के सम्मेलन में जा कर कहा कि अगर आर० एस० एस० फासिस्ट ताकत है, तो पहले मैं फासिस्ट हूं। आज माननीय सदस्य उन के साथ हमदर्दी प्रकट कर रहे हैं और उन की वकालत कर रहे हैं। क्या इस देश में समाजवाद का माध्यम केवल जनसंघ और आर० एस० एस० ही रह गए हैं? क्या सी० पी० आई० (एम०) की यही नीति और यही सोचने का ढंग है?

लेकिन मैं बधाई देना चाहता हूं इस देश के लाखों करोड़ों मजदूरों को, सी० पी० आई० (एम०) के नेता अपने आप को जिन के नेता होने का दावा करते हैं। जब सी० पी० आई० (एम०) के नेता सम्पूर्ण क्रांति की कतार में खड़े थे और जनसंघ तथा आर०

एस० एस० के साथ कदम से कदम मिला कर चल रहे थे। उस समय इस देश के मजदूर वर्ग ने प्रति-क्रांति की इस साजिश को समझा और उस से अलग रहा, और इस प्रकार उस ने देश की प्रभुसत्ता और आजादी की रक्षा की।

इस सदन में सदस्य कुछ भी बात कह सकते हैं। लेकिन सी० पी० आई० (एम०) के माननीय सदस्य ने अपने भाषण में शुरू से आखिर तक केवल आरोप ही आरोप लगाये हैं। वह भले ही हमारी राष्ट्रीय नीतियों की आलोचना करते, मगर प्रधान मंत्री ने पिछले चन्द बरसों में देश में और अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र में जो भूमिका अदा की है वह उस की सराहना के कुछ शब्द भी कह देते। प्रधान मंत्री ने साम्राज्यवादी चालों का खंडन किया है, साम्राज्यवाद और उपनिवेशवाद की बढ़ती हुई ताकतें दुनिया के गरीब और अविकसित देशों के आन्तरिक मामलों में दखलअंदाजी करती थीं। प्रधान मंत्री ने अपनी नीतियों से उन का मुकाबला किया है। उन्होंने वियतनाम की बहादुर जनता का समर्थन किया है। उन्होंने अरब जनता का उस की आजादी, उस की भूमि और अधिकारों की रक्षा के संघर्ष में समर्थन किया है। प्रधान मंत्री ने दक्षिण अफ्रीका की जनता का समर्थन किया है, जो अपनी मुक्ति के लिए संघर्ष कर रही है। हमारे प्रधान मंत्री ने देश की साठ करोड़ जनता की आशा-आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए जो कदम उठाये हैं, और देश के सम्मान को जिस तरह से अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र में उठाया है, एक राष्ट्र और देश के नाते हम को उस पर गर्व है।

लेकिन माननीय सदस्य ने इस बारे में एक शब्द भी नहीं कहा है। उन्होंने केवल आलोचना की है और केवल कमजोरियों और खामियों की चर्चा की है। इसके अतिरिक्त उन्होंने किस की वकालत की है। उन्होंने जनसंघ, आर० एस० एस० स्वतंत्र पार्टी और श्री मोरारजी देसाई की वकालत की है, उन तत्वों की वकालत की है, जो हिंसा और तोड़फोड़ की नीति पर चल रहे हैं।

आज इस देश में दो विचारधारायें हैं, दो रास्ते हैं। एक रास्ता तो वह है, जिस पर कांग्रेस पार्टी चल रही है। हम लोग जनवाद, संसदीय व्यवस्था और जनता की शक्ति में विश्वास करते हैं। हम इस बात में विश्वास करते हैं कि शान्तिपूर्ण तरीके से अहिंसा के रास्ते पर चल कर देश में विकास हो सकता है, प्रगति हो सकती है और समाजवाद आ सकता है। समाजवाद की रूप-रेखा हमारी धरती में उत्पन्न होगी, हमारे देश की प्रतिभा से उत्पन्न होगी। समाजवाद हमारे किसानों और मजदूरों की मेहनत से आयेगा। हां, दुनिया के अन्य लोगों के अनुभव से भी हम सीखेंगे और आगे बढ़ेंगे।

दूसरी विचारधारा उन लोगों की है, जो प्रति क्रांति, हिंसा और तोड़फोड़ के मार्ग पर चल रहे हैं जिन का अपने आप में विश्वास नहीं है, बल्कि जो दूसरों की मदद में विश्वास करते हैं। विरोधी दलों को आन्दोलन करने, सत्याग्रह करने और सरकार को अपदस्थ करने का अधिकार है। लेकिन मुझे इस बात से गहरी ठेस लगती है कि जब देश उन संकटों में से गुजर रहा था, जिन पर हमारा बस नहीं था, जब देश की जनता के हौसले को बुलंद करना चाहिए था, देश की जनता के मनोबल को ऊंचा उठाना चाहिए था, देश की एकता को मजबूत करना चाहिए और राष्ट्रीय आत्मविश्वास को जगाना चाहिए था, उस समय इन दलों ने सब से बड़ा राष्ट्रीय अपराध यह किया कि उन्होंने देश के मनोबल और राष्ट्रीय आत्मविश्वास को तोड़ने और चारों तरफ बुराई ही बुराई दिखाने का प्रयास किया। और जिस देश की जनता का मनोबल, आत्मविश्वास और एकता टूट जाये, वह देश गुलाम बन जाता

[श्री चन्द्रजीत यादव]

है। वही प्रयास, वही कोशिश इन दलों द्वारा इस देश मे की गई।

हमारे सामने कठिनाइयां थी, लेकिन क्या हम इन दो सालो मे हाथ पर हाथ रख कर बैठे थे? हम उन कठिनाइयो से जूझ रहे थे। जब पैट्रोल पैदा करने वाले देशों ने तेल की कीमत बढा दी, तो हम को उस पर 1,000 करोड रुपया ज्यादा देना पड़ा। श्रीमती इन्दिरा गाधी के नेतृत्व मे चलने वाली सरकार द्वारा हमारे देश के विशेषज्ञो मे कहा गया कि अगर हिन्दुस्तान की धरती मे तेल नही है, तो हिन्दुस्तान के चारो तरफ समुद्र मे निगाह डालो, शायद वहा तेल मिल सके, क्योंकि यह देश एक हजार करोड रुपया अपने विकास की कीमत पर दूसरे देशों को नहीं दे सकता है। क्या हमे इस बात पर गौरव नहीं होना है?

इसी बीच मे हमारे इजीनियरो ने समुद्र का सीना फाड कर तेल के सोते निकाले हैं, और हमे आशा करनी चाहिए कि आठ दस साल मे वह समय आयेगा, जब भारत अपने पैरो पर खडा होगा, और हमे एक बद भी तेल बाहर से नहीं मगाना पडेगा। लेकिन हमारे मित्र ने इस बारे मे कोई चर्चा नही की है।

इसी बीच मे हम एक न्यूक्लियर पावर और स्पेस पावर बने। इस के अतिरिक्त हमने काश्मीर जैसी गम्भीर समस्या को बातचीत के जरिए हल किया। शमीम साहब कहते हैं कि प्रधान मत्री तानाशाह हैं। लेकिन उन्ही के सूबे मे बातचीत के जरिए एक पुरानी और गम्भीर समस्या का हल निकाला गया। प्रधान मत्री ने कई बार कहा है कि मैं अपनी पार्टी और राष्ट्रीय आन्दोलन की गोद में पली हूं, लेकिन अगर कही पार्टी और देश मे टकराव होगा, तो मै देश को चुनूंगी, पार्टी को नहीं। उन्होंने काश्मीर मे इस बात को साबित कर दिया। उन्होंने वहा अपनी पार्टी की सरकार से अलग हो जाने के लिए कहा, क्योंकि उन का मत रहा है कि काश्मीर और देश बड़ा है, हमारी पार्टी की सरकार उन मे बड़ी नहीं है।

सिक्किम के माननीय सदस्य इस सदन में आये है। इससे भी हमारा गौरव बढता है। सिक्किम के इतिहास मे पहली बार वहां की जनता को अधिकार प्राप्त हुआ और उसने एक राय से यह तय किया कि हमारा भविष्य हमारा मुस्तकबिल हिन्दुस्तान के करोडो लोगो के साथ है। हमारे मित्र ने इसकी भी कोई चर्चा नहीं की है। वास्तव मे इस देश मे राष्ट्र के गौरव, सम्मान और आत्मविश्वास को तोडने की कोशिश हुई और यह सबसे बडा अपराध है।

मैं कहना चाहता हू इस मौके पर वियतनाम मुझे बार बार याद आता है—छोटा सा देश एशिया का, उस पर दशको से हमला हुआ, दुनिया के बडे बडे बम गिराये गए। वियतनाम के पास कोई न्यूक्लियर पावर नहीं कोई एटम शक्ति नहीं लेकिन उसके पास एक शक्ति थी—देशभक्ति। जनता का मनोबल ऊचा था। जनता के अन्दर एकता थी और इसलिए वियतनाम ने दुनिया की बडी भारी ताकत को परास्त किया। कोशिश की जा रही थी इस देश के अन्दर जनता के मनोबल को तोडने के लिए। यह एक राष्ट्रीय अपराध था जिसको क्षमा नही किया जा सकता था और प्रधान मन्त्री ने 25 जून को जो कदम उठाया, मैं इस बात को कह सकता हू, भारत की करोड़ों जनता इस बात को जानती है और भारत की करोड़ों जनता को इस बात का अगर सन्तोष है, अगर

इस देश में शान्ति है, इस देश में आत्म-विश्वास फिर से जागा है तो वह इसलिये कि इस देश का सर्वोत्तम देशभक्त जिस काम को कर सकता है ऐसी स्थिति में, प्रधान मन्त्री ने 25 जून को उसी काम को किया है। देशभक्ति का इससे बड़ा दूसरा कोई प्रमाण नहीं हो सकता है।

इस देश के अन्दर आज आपातकालीन स्थिति है। एक नया वातावरण है सहयोग का और अनुशासन का, आगे के लिए विकास का और प्रगति का वातावरण है। लेकिन हम उन कमजोरियों को नहीं भूले हैं। हमारी कमजोरियां भी है। हमारी नीतियों में दोष भी रहे हैं। हम उन को लागू नहीं कर पाए हैं। उन कमियों को दूर करने की और उसका हल निकालने की कोशिश की गई है।

कहा गया है कि देश तो बिल्कुल पीछे जा रहा है। पिछले कुछ आंकड़े मैं देना चाहता हूं। जुलाई से दिसम्बर 1974 तक इस देश में जितना कोयला पैदा किया गया ठीक उसी काल के अन्दर जुलाई से दिसम्बर, 1975 तक उसमें 12 प्रतिशत ज्यादा कोयला पैदा किया गया। एल्युमिनियम इस देश में जुलाई से दिसम्बर, 1974 तक जितना पैदा हुआ ठीक उसी काल में 1975 के साल में उसमें 44 प्रतिशत ज्यादा पैदा हुआ। उसी काल में फर्टिलाइजर 1975 के साल में 43 प्रतिशत ज्यादा हुआ, स्टील 18 प्रतिशत ज्यादा पैदा हुआ, बिजली 12 प्रतिशत ज्यादा पैदा हुई, वनस्पति आयल 12 प्रतिशत ज्यादा पैदा हुआ, क्रूड आयल 10 प्रतिशत ज्यादा पैदा हुआ, सीमेंट 11.1 प्रतिशत ज्यादा पैदा हुआ। इस देश के अन्दर आज एक प्रगति का, उत्पादन बढ़ने का वातावरण पैदा हुआ है और मुझे खुशी है कि सभी वर्गों ने उसमें सहयोग दिया है।

आज हमारा विद्यार्थी किस तरह अनुशासित है। शमीम साहब होते तो मैं उनसे पूछता कि किस कालेज के, किस यूनिवर्सिटी के ऊपर हमने फौज बैठाई है? इस देश में कालेज और यूनिवर्सिटियों की संख्या सौभाग्य से आजादी के बाद सैकड़ों में नहीं हजारों और लाखों में है। कहां हमने फौज बैठाई है? कहां हमने पुलिस बैठाई है? आज वह विद्यार्थी जो पढ़ना चाहते हैं, उन्होंने समझा है इस बात को और एक अभूतपूर्व अनुशासन उनके अन्दर आया है। किस कारखाने पर हमने फौज बैठाई है? लेकिन हमारे मजदूर आज समझते हैं अपने कर्तव्य को। आज उन्होंने जिस तरीके से उत्पादन बढ़ाया है वह इस बात का प्रमाण है। हमने उन पर थोड़ा बोझ भी डाला फिर भी उन्होंने उसको बर्दाश्त किया इसलिए कि उन्होंने राष्ट्र के हित को देखा। हम उनकी पैट्रियाटिज्म की, उनकी देशभक्ति की सराहना करते हैं और प्रधान मन्त्री ने खुद कहा था कि हमें यह काम करना पड़ा है और बड़े कामों के लिए। यह हमारे लिए कोई बड़ी खुशी की बात नहीं है। लेकिन हमने मजदूरों का हित जितना किया है उसको और आगे बढ़ाना चाहते हैं।

इस बीच में श्री इन्द्रजीत गुप्त जी ने अपना भाषण दिया। मुझे खुशी है कि उन्होंने जिस तरीके से जो बात सही थी उसको सही तरीके से कहा और जो बातें उनकी दृष्टि में ऐसी थीं जिनमें कमजोरी है उनको उन्होंने एक संयमित तरीके से कहने की कोशिश की। लेकिन कुछ तथ्य भी इस देश के अन्दर हैं। पिछले दिनों में 60 लाख परिवारों को मकान बनाने के लिए हमने जमीन दी। मैं नहीं कहता कि कोई बहुत बड़ा काम हमने किया। अभी हमने जमीन दी है। मकान बनाने के लिए उनको सामान चाहिए, पैसा चाहिए। लेकिन हमने एक शुरूआत की है। उस तरफ कदम हमने बढ़ाया है। उसकी कोशिश हम कर रहे हैं।

हमने इसी बीच यह कोशिश की कि हमारे ऐसे अपरेंटिस जो ट्रेनिंग लेकर बैठे रहते हैं, 1 लाख 23 हजार व्यक्ति ऐसे थे,

[श्री चन्द्रजीत यादव]

उसमें से 1 लाख 17 हजार को हमने स्थान दिया ।

इस देश के अन्दर हमने पब्लिक सेक्टर को बढाया है । बडी आलोचना इस देश मे सार्वजनिक क्षेत्र की हुई । जवाहरलाल नेहरू की दूरदर्शिता, उनकी सूझबूझ इस राष्ट्र ने देखी है, दुनिया ने देखी है । जो उन की देन है हमारे राष्ट्र के लिए, जो उनकी देन है अन्तर्राष्ट्रीय जगत मे वह कोई छिपी हुई नही है । एक दार्शनिक की तरह वह ऐसे व्यक्ति थे जिसको विज्ञान था 25 साल पहले, पचास साल पहले वह देखते थे । आज वही पब्लिक सेक्टर हमारे आर्थिक ढांचे की बुनियाद है । आज जिस तरीके से वह हमारी आर्थिक व्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं, पिछले वर्षों मे 15 प्रतिशत उत्पादन उन्होंने इस देश मे बढाया है । मैं आशा करता हू कि इस देश का जो प्राइवेट सेक्टर है क्योंकि हम मिक्स्ड एकानामी को मान कर चल रहे हैं तो हमने उनको कहा है कि उनकी भी अपनी भूमिका है और यह बार बार उनको कहा गया है कि उन्हे देश का हित, जनता का हित ध्यान मे रखना होगा, हम आशा करते है कि वह इसे ध्यान मे रखेंगे और अगर वह नही रखते हैं तो सरकार अपने उन अधिकारों का इस्तेमाल करेगा जिससे देश के हित मे उत्पादन हो सके ।

हमारे विद्यार्थी, देश के नौजवान भी इन कठिनाइयों के शिकार हुए है । हम जानते है कि उनकी जरूरी चीजे उन्हे नही मिलती थी । एक ऐसा भी समय आया जब उनके लिए कागज भी नही मिलता था, किताबे भी नही मिलती थी, खाने का सामान भी नही मिलता था । क्या सरकार का ध्यान इधर नही गया ? पिछले छ. महीने के अन्दर कोशिश की गई है, देश के अन्दर लगभग 5 हजार होस्टलों के अन्दर विद्यार्थियों को मिला कर ऐसे कन्ज्यूमर्स स्टोर्स खोले गए हैं, सोसाइटीज खोली गई हैं जिससे जरूरी सामान उनको उपलब्ध कराया जाय । इसी छ: महीने के अन्दर कोशिश की गई है 75 हजार से ज्यादा ऐसे बुक बैंक हमने देश के अन्दर खोले हैं जिससे हमारे गरीब विद्यार्थियों को पुस्तक मिल सके । इसी बीच में यह कोशिश की गई है कि हम उनकी छात्रवृत्ति को बढाए और आज हमारे विद्यार्थी को इस बात का एहसास हो रहा है कि इस संकट के जमाने मे उनका भी अपना एक कर्तव्य है । उस कर्तव्य को पूरा करने के लिए मुझे पूरा विश्वास है वह अपना कदम उठाएगा ।

श्री इन्द्रजीत गुप्त ने मजदूरों की हिस्सेदारी की चर्चा की कि प्रबन्ध में उनकी कितनी हिस्सेदारी है ? हम यह नही कहते कि हमने ने पूरा मुकम्मिल और आदर्श कदम उठा लिया । लेकिन एक पहली शुरूआत हुई है, एक सरकारी निर्णय के मुताबिक पहली बार आदेश दिए गए है इस देश के कारखानों को और हमें खुशी है कि सार्वजनिक क्षेत्र के अधिकाश कारखानों में आज मजदूरों की प्रबन्ध मे हिस्सेदारी हो इसके लिए कदम उठाए गए है । हम यह नही कहते कि उसके अन्दर मनेजमेंट मे मजदूरों को हिस्सेदारी पूरी मिल गई है लेकिन सही बात है कि उस लेवेल के ऊपर जहा उन्हे बैठना है काम करना है खुशी की बात है जो मेरे पास सूचना है उसके अनुसार अधिकाश कारखानों में प्रबन्धकों और मजदूरों के प्रतिनिधियों द्वारा एक साथ बैठ कर आपसी बातचीत से ऐसे रास्ते निकाले जा रहे है जिससे मजदूर उसके अन्दर हिस्सेदार बनाए जाय । हमारा यह पहला कदम है । हम आशा करते है कि यह कदम और आगे बढेगा और सही माने में इस देश का मजदूर, यहां का श्रमजीवी इस बात का एहसास करेगा कि इस देश की पैदा की हुई सम्पत्ति के अन्दर उसका हक है । उसको पैदा करने में उसकी प्रतिभा, उसका अनुभव और उसका ज्ञान जो है उसका इस्तेमाल किया जा रहा है और मुझे इसमें

कोई शक नहीं है कि हमारा देश इससे लाभ उठाएगा ।

आज हमारी कठिनाइयां है । हम एक ऐसे आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहे है जो अभूतपूर्व है । उसमें हमारा पहला प्रयास है कि हम इस देश में पब्लिक इन्वेस्टमेंट को बढ़ाए अगर इस देश की आर्थिक व्यवस्था को सुधारना है तो हमारे देश में पब्लिक इन्वेस्टमेंट निरन्तर हम को बढ़ाना पड़ेगा । जब तक इस बात को हम नहीं करते है तब तक हमारी आर्थिक व्यवस्था कमजोर रहेगी । जब तक हमारे नये उद्योग नहीं लगते है जब तक जनता की कमाई उत्पादन के कामों में नहीं इस्तेमाल की जाती है जब तक सरकार के अपने साधन नहीं बढ़ते है तब तक आर्थिक व्यवस्था सुदृढ़ नहीं हो सकती ।

बार बार इसी सदन में कहा गया है और मैं खुद महसूस करता हू कि इस देश में सबसे बड़ा साधन इस देश का 80 प्रतिशत व्यक्ति है जो गावों में बसता है खेती करता है । उसकी भलाई के लिए साधन इकट्ठे करने पड़ेंगे । हमें उसके लिए कुछ करना पड़ेगा । हमने खुद कोशिश की है कि हम अपने देश में बिजली की और पानी की शक्ति को बढ़ाए । 100 करोड़ रुपया हमने इसके लिए अतिरिक्त आवंटित किया है जिससे हम ज्यादा बिजली पैदा कर सके और ज्यादा सिंचाई की व्यवस्था कर सके । 85 करोड़ रुपया हमने उन राज्य सरकारों को दिया है जिनकी बहुत सी योजनाएं अधूरी थी लेकिन जिन को पूरा करना जरूरी था । उसके लिए हमने उनको यह रुपया दिया है ताकि इस काम को वह कर सके । हमारी कोशिश है कि 11 लाख हेक्टेयर जमीन अतिरिक्त हम इस साल सिंचाई के अन्दर ला सके, उसमें हम सिंचाई की व्यवस्था कर सके । हमारी कोशिश है हम जानते है जो गांधी जी कहा करते थे और जवाहर लाल नेहरू कहा करते थे कि हिन्दुस्तान गांवों में बसता है उस गांव की जनता की जिन्दगी में तबदीली लाने के लिए जरूरी है कि हम उसके लिए पानी दे, बिजली दे, हम उसकी जमीन का ठीक से पुनर्वितरण करें । कोशिश इस बात की की जा रही है । कमजोरियां रही है । हमारे कानून बने है । कानूनों की मरम्मत भी हुई है । लेकिन कानून ठीक से नहीं लागू किए जा सके । इसीलिए राष्ट्रपति जी ने इस बात को कहा है कि इस देश के अन्दर केवल सरकारी मशीनरी के माध्यम से हम विकास के काम को नहीं कर सकते ।

जनता का सहयोग हमारे लिए जरूरी है । पंडित जवाहरलाल नेहरू कहा करते थे कि हमारे देश की प्लानिंग में पीपुल्स इन्वाल्वमेंट जरूरी है । इसमें हम देश के लोगों का सहयोग चाहते है । वह हमें सुझाव दे कि कैसे प्रशासन में तबदीली करें कैसे जनता और सरकार के सहयोग को ज्यादा प्रभावकारी बनाया जाये । सरकार ने हमेशा जनता से सहयोग की अपेक्षा की है । हम आशा करते है कि जो गम्भीर प्रश्न हमारे देश के सामने खड़े है उनको हल करने में जनता हमारी सहायता करेगी ।

16.00 hrs.

हमारे देश के सामने कृषि को ठीक ढंग से पुनर्गठित करने का सवाल है । मैं समझता हू जब तक देश खाद्य के मामले में आत्म-निर्भर नहीं बनता, हमारी आर्थिक व्यवस्था कमजोर रहेगी । यह बात दूसरी है कि पानी अच्छा बरस जाये, प्रकृति हमारा सहयोग कर दे लेकिन हमेशा प्रकृति के ऊपर बिल्कुल निर्भर नहीं होना है । ऐसी स्थिति का निर्माण करना होगा कि पानी के अभाव में गावों में फसल न सूखे जाये । ऐसी स्थिति लानी है कि बिजली के अभाव में उद्योग-धंधे न बन्द हो जाये । ऐसी स्थिति लानी होगी कि किसान को उसके उत्पादन की ठीक कीमत मिल सके । किसान को यह महसूस हो सके कि देश के बनाने में उसका भी अपना योगदान है और उसको वह दे सके । आज जो वातावरण इस

[श्री चन्द्रजीत यादव]

देश में पैदा हुआ है उसमें हमारे देश के खेतिहर मजदूर, छोटे किसान मध्यम दर्जे के किसान इस देश की आर्थिक व्यवस्था में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके।

तीसरा सवाल हमारे देश के सामने बैलेन्स आफ पेमेन्ट का रहा है। पिछले चार पांच वर्षों मे देश के सामने सबसे बडी कठिनाई यह रही है कि आयात के ऊपर अरबो रुपए खर्च करने पडे। आज सरकार की तीसरी महत्वपूर्ण कोशिश है कि हमने अपने देश मे हम निर्यात को बढ़ाये। और आयात को कम करे। जिन चीजो का हम आयात करते थे आज कोशिश की जा रही है अपने देश मे ही फर्टिलाइजर पैदा करे अपनी जरूरत के मुताबिक। कोशिश की जा रही है कि हम अपने देश म जरूरत से ज्यादा अनाज पैदा करे। हम अपने देश मे पट्रोल पैदा करे इजीनियरिंग गुड्स पैदा करे। इसके लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए गए है। सरकार ने जो नीति निर्धारित की है उसम इस बात पर जोर होगा कि हम अपने आयात को किस तरह से कम करे और उस पैसे का बचा कर देश के आर्थिक विकास म लगाये। देश मे जो नया वातावरण पैदा हुआ है उसका देश की जनता न अपार समर्थन दिया है। मुझे बहुत विश्वास है इस देश की जनता म। हमारे देश के राष्ट्रीय नताओं ने हमेशा इस देश की जनता मे उसकी शक्ति मे और उसकी बुद्धिमत्ता म विश्वास किया है। इसीलिए गाधीजी ने कोई दूसरा रास्ता नही चुना था। जब दुनिया के सबसे बडे साम्राज्यवाद का मुकाबला किया तो गाधी जी ने एक ही रास्ता चुना कि इस देश की जनता के पास जाये और उसका सहयोग हासिल करे। पडित जवाहर लाल नेहरू ने भी उसी रास्ते को आगे बढाया। कांग्रेस पार्टी ने भी उस सिद्धान्त को आगे बढ़ाया। सन् 1971 मे जब प्रतिक्रियावादी ताकतों ने चुनौती दी थी और जब कांग्रेस का बहुमत नही रह गया था उस वक्त हमारी प्रधान मन्त्री श्रीमती इन्दिरा गाधी अगर चाहती तो तानाशाह बन सकती थीं लेकिन उन्होंने वह रास्ता नही चुना। उन्होंने कहा इस देश के सामने दो विकल्प है। एक विकल्प में हमारी पार्टी रहेगी, बैंकों का राष्ट्रीकरण करना है प्रिवीपर्स को समाप्त करना है, भूमिहीनों को भूमि देने के लिए भूमि सुधार करना है और नौजवानो के भविष्य को बनाना है। दूसरा विकल्प प्रतिक्रियावादियों के महागठबन्धन का था। एक जबर्दस्त चुनौती उन्होंने दी थी लेकिन श्रीमती इन्दिरा गाधी को पूरा विश्वास था कि गाधीजी जवाहरलाल नेहरू और कांग्रेस की उस राष्ट्रीय परम्परा के ऊपर यदि हम जनता के सामने जायेगे अपनी सही बात को लेकर तो जनता हमारे साथ खडी होगी। इस प्रकार 1971 मे जनता ने कांग्रेस को अपार बहुमत और समर्थन दिया। इसलिए श्रीमन मैं कहना चाहता हू कि आज एक नया वातावरण देश मे पैदा हुआ है हम चाहते है कि तमाम देशभक्त शक्तिया हम चाहते है देश की तमाम प्रगतिशील ताकते हम चाहते है कि देश की वे तमाम ताकते जो प्रगति और समाजवाद म विश्वास रखती है मिलकर सब काम करे। हमारी प्रधान मन्त्री जी ने चण्डीगढ म हमारे महाअधिवेशन मे देश की जनता को आवाहन करते हुए कहा है कि इस देश की कराडो जनता के लिये समाजवाद के अलावा दूसरा रास्ता नही है। हमने अपने अनुभव से सीखा है कि हमारा भविष्य उस सिद्धान्त के साथ उस लक्ष्य के साथ बधा हुआ है और हम पूरा भरोसा है अपने प्रधान मन्त्री जी के नेतृत्व मे जिनके नेतृत्व मे हमने उस बडे सकट का मुकाबला किया है और आज भी कर रहे है। हमे इस बात का अहसास है कि हमारी जनता की आर्थिक कठिनाइया है हम इस बात का भी अहसास है कि हकारे देश के बहुत से इलाके पिछडे और गरीब है हमे इस बात का भी एहसास है कि आज भी पूरी मेहनत करने के बावजूद जनता का बहुत बडा भाग पेट भर रोटी भी नही पा रहा है.

लेकिन हम कृत-सकल्प हैं, हमारा लक्ष्य है—देश की गरीबी मिटाना, हमारा लक्ष्य है इस देश की करोड़ों गरीब जनता की आखों से आसू पूछना। जब तक यह विश्वास हमारे साथ है—मुझे तनिक भी सन्देह नही है—हमारे देश की जनता हमारी इन नीतियों का समर्थन करेगी।

इन्ही शब्दों के साथ राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के लिये जो प्रस्ताव पेश किया गया है, उसका समर्थन करता हू।

कुमारी मणिबेन पटेल (साबरकंठा): चेअरमैन साहब, राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर क्या कहा जाय, कुछ समझ नही आता है। अगर सचमुच देश मे बहुत ज्यादा शान्ति है, सब जगह अनुशासन आ गया है, तो फिर आपातकालीन स्थिति क्यों रखी जा रही है और जब तक आप इसको बनाये रखना चाहते है? इस प्रकार का गलतबयानी करने से क्या फायदा है कि मोरारजी भाई ने हिसा करने को कहा था। मुझे एक उदाहरण तो दीजिये—जिस में उन्होंने ऐसा कहा था

श्री राम सहाय पांडे अभी बतलाता हू, मणिबेन।

कुमारी मणिबेन पटेल बीच मे न बोलिये।

सभापति महोदय जब आपकी टर्न आये तो बता दीजियेगा।

श्री राम सहाय पांडे . मणिबेन, मेरे पास डाक्यूमेन्ट है।

कुमारी मणिबेन पटेल गवर्नमेंट कोई चीज गलत छाप दे तो उसको क्या कहा जा सकता है।

मैं बतला रही थी कि इन्दिरा जी ने लिख कर दिया था कि मीसा का उपयोग पोलिटीकल लोगों के लिये नहीं होगा, लेकिन उसका उपयोग पोलिटिकल लीडर्स के लिये किया गया और उनको एकान्त में, Solitary Confinement में रखा गया है। जयप्रकाश बाबू की तबियत खराब हुई, महताब और नवल किशोर की हालत खराब है। आखिर उन्होंने क्या गुनाह किया है, अगर उन्होंने कोई गुनाह किया है तो उन पर मुकदमा चलाओ, उनको सजा दो। लेकिन ऐसा नही करते है और कहते है कि लोग हमारे साथ है, लोग आप की तारीफ करते है। अगर ऐसा है तो फिर यह रोक टोक क्यों है? पार्लियामेंट में आने के दर्वाजे क्यों बन्द किये है? आप के पास तो मोटर है सरकारी पट्रोल है आप जा सकते है, लेकिन हमारे जैसे को घूम कर आना पड़ता है। मैं पूछती हू पार्लियामेंट के दरवाजे बन्द करने की क्या जरूरत है। यह कैसा शासन है कैसा अनुशासन है, सरकार ऐसा क्यों करती है?

आप कहते है कि आप ने घूस बन्द कर दी है—लेकिन मैं आप को रेलवे की एक बात बतलाती हू—यह दिसम्बर महीने के आखिर की बात है। एक पति-पत्नी थे, उन्होंने जाने का तय किया तो उन को तीन टायर मे जगह दे दिया बाद में लड़की ने भी जाने का तय किया तो उसको दो टायर में जगह दिया। पति ने कहा कि मैं उधर सो जाऊगा और लड़की अपनी मा के पास सो जायेगी तो उन को कहा गया कि ऐसा नही होगा। मा और लड़की को किसी तरह से एक ही बर्थ पर सोना पड़ा और वह जगह भी दूसरे को पैसा लेकर दी गई थी। आप इन सब बातों को क्या जाने आप तो हवाई जहाज मे और सिक्योरिटी के बीच जाते है। आप के मिनिस्टर लोग भी हवाई जहाज में जाते है लेकिन मैं थर्ड क्लास मे सफर करती हूं—इस लिये मैं इन सब बातों को बतला सकती हू।

आप कहते है कि रेलवे मे पहले से बहुत सफाई हुई है—मैं तो समझती हू कि

[कुमारी मणिबेन पटेल]

सफाई पहले से कम हो गई है। मेरे अपने उपर बारी की पटरी गिर गई थी, नसीब में था इसलिये बच गई (व्यवधान) आप कहते हो कि सब चीजों के दाम गिरे है, कोई तकलीफ नहा है। मैं आप को एक गहिणी की बात बताना चाहती हू। उस महिला ने कहा कि मिट्टी का तेल महगा हो गया गैस महगी हो गई बिजली, पेट्रोल महगा हो गया। अनाज और सबजी ज्यादा हो गया इसलिये सस्ते मिलते है। आप स्टेट्स को कहते हो कि इतने दाम पर मिट्टी का तेल और गैस देनी चाहिये। मगर उधर आप स्वय इन चीजों के दाम बढा रहे है तो कैसे वह कम दाम पर लोगो को यह चीज दे सकती है। तो किस प्रकार से एक सामान्य महिला गुजर करती है वह मैंने आप से कहा।

आप कहते हों कि गुजरात मे अनुशासन नही है, हिंसा हो रही है। मै आप को बताऊ कि विधान सभा के चुनाव हुए उस मे 67 हिंसा के किस्से हुए जिस म 4 खून हुए। अभी पचायत चुनाव म 27 हिंसा के किस्से हुए और उस में 2 खन हुए जिन पर कार्यवाही चल रही है। आप केवल वहा के चीफ मिनिस्टर का बदनाम करना चाहते हो। जो आप कहते हो वह तो अखबारो म छपता है, लेकिन जो हमारा चीफ मिनिस्टर कहता है वह अखबार मे नही छपता। यह कैसी सेंसरशिप है? आप की पार्टी का तो सब छपता है, लेकिन विरोधी दल जो कहता है उस को जनता के सामने नही आने दिया जाता है। आप का सब लोगो की बात जनता के सामने आने देनी चाहिये जनता अपने आप फैसला करेगी कि क्या और किस की बात ठीक है। आज खाली प्रधान मत्री का गाना गाया जाता है लेकिन स्टेट का चीफ मिनिस्टर जो विधान सभा म भी कहता है वह नही छपता, उस को रेडियो पर भी बोलने का अधिकार नही है, सही बात को कहने का उस को अधिकार नही है। यह तो आटोक्रेसी इन दी सार्व आफ डेमोक्रेसी चल रही है।

मैं आप को बताऊ कि मुझे पकडा गया, तीन घटे रखा गया लेकिन पार्लियामेंट के बुलेटिन मे यह आज तक नही आया। ऐसे ही काम होना चाहिये। अग्रेजों के राज्य में सब का न्याय मिलता था लेकिन आज यहा पर जिन को चाहे पकड लो। आप ने स्वय कहा था कि मोरारजी के खिलाफ एम० आइ० एम० ए० का उपयोग नही करेंगे लेकिन सबसे पहले आप ने उन पर ही उस कानून को लाग किया जेल मे आप कितने लोगों को रख कर आप डालना चाहते है? ग्वालियर की राज माता को गायत्री देवी को आप ने किस तरह से रखा? उन को कई दिनों तक वेश्याया के साथ रखा और इतनी गन्दी जगह रखा कि उन्होंने खाना तक नही खाया। गायत्री देवी ने कहा था कि मैं राजनीति से निकल जाती हू, फिर भी आप ने उन को नही छोडा। तो ऐसा अन्याय तो नही होना चाहिये। कम से कम लोगो को न्याय तो मिलना चाहिये। वैसे तो न्यायालय भी अब आप के साथ है फिर भी व्यक्ति को अदालत के सामने जाने का अधिकार तो मिलना ह, चाहिये। क्या आप इसी तरह से अनुशासन चलाना चाहते हो? हमारे मुख्य मत्री जो कुछ विधान सभा म कहते है, सभाओं मे कहते है म्यूनिसिपल बार्ड-इलेक्शन्स की सभाओं मे कहते है वह कुछ भी अखबार में नही आता। जितना आप को पसन्द हो उतना ही आ सकता है और अखबारों मे भी जो अखबार आप को पसन्द है उन की सेंसरशिप नही होगी और जो अखबार आप के विरुद्ध है वे जो बातें लिखते है उस की एक एक लाइन की उस के एडवरटाइजमेंट की सेंसरशिप होनी चाहिए। यह आप का न्याय है? यह सही बात आप करती है? जरा सोचिये। आप कहती है कि जनता आप के साथ है लेकिन उस के साथ क्या होता है?

अब मैं चंडीगढ़ की बात लूं। वहां आप का वार्षिक अधिवेशन हुआ। जो हम ने सुना है, उस को मैं कहती हूं। हमें सुनने को मिला कि वहां पर कई लोगों को खाना नहीं मिला और ओढ़ने को नहीं मिला। वहां इन चीजों का इन्तजाम ठीक नहीं था। ...(व्यवधान). जो बात मुझे कहनी है वह मैं कहूंगी। देखिये, आप नाराज क्यों होती हैं। यह आप ने सामने अनुशासन हो रहा है। ये आप का डिसिप्लिन मान रहे हैं। हमारी पार्टी में ऐसा नहीं होता है। . . .) (व्यवधान) नहीं नहीं, हम को कोई डर नहीं है। इस से इन की शोभा बढ़ती है और इनकी पार्टी को शोभा बढ़ती है।

श्रीमती इन्दिरा गांधी जब दूसरी पार्टियों के लोग बीच बीच में बोलते हैं तो क्या शोभा बढ़ती है ?

कुमारी मणिबेन पटेल : मैं इस पार्लियामेंट में आज से नहीं हूं। . . (व्यवधान) . .

SHRI P. M. MEHTA: In spite of the instructions from the Leader of House, the hon. Members are misbehaving here. You should control the hon. Members who are misbehaving. Kindly do it.

कुमारी मणिबेन पटेल : मैं पार्लियामेंट में बहुत दिनों से हूं और मुझे यह देख कर बड़ा दुख होता है। मैं तो आना नहीं चाहती थी लेकिन मुझे भेजा गया। इन बातों से क्या पार्लियामेंट की शान रहती है। आप ने स्पीकर साहब को भी निकाल दिया। स्पीकरशिप ऐसी जगह है कि उस के बाद स्पीकर साहब को ऊंची जगह देनी चाहिए। आप ने उठा कर उन को मिनिस्टर बना दिया। यही आप का शासन। जो मुझे सही लगेगा मैं कहूंगी। आप ने अपनी पार्टी के उन लोगों को जो आप के विरुद्ध बोले जेल में डाल दिया और जो आप की 'हां में हां' मिलाते हैं उन को पार्टी में ले लिया। दूसरी पार्टी से अगर कोई आए तो कोई हर्ज की बात नहीं है और दूसरी पार्टी से आप के यहां आ कर वह प्रतिवादी हो गया चाहे वह जनसंघ का हो, कम्युनिस्ट पार्टी का हो तो या जनता कांग्रेस का हो। हमारी पार्टी में अगर कोई आता है, तो वह प्रगतिवादी नहीं है।... (व्यवधान) .. आप शान्ति से रहें और अच्छी बात करें। एक दिन आप का भी आएगा जब आप का काम भी पूरा हो जाएगा। हम हिंसा नहीं चाहते हैं। हम तो गांधी जी के रास्ते पर चलते हैं। आप गांधी जी का नाम लेती है लेकिन आप के वहां दारू पीने वाले है, शराब पीने वाले है। हम ऐसे लोगों को अपने यहां नहीं रखते।

श्री शंकर देव (बीदर) : अध्यक्ष महोदय, आज के इस विक्षुब्ध वातावरण में मैंने जो अनुभव किया है, उस चीज को आप के सामने पेश करना चाहता हूं। आजादी से पूर्व हम लोग कर्तव्य के वातावरण में थे और प्रत्येक नागरिक त्याग, तप और सेवा के लिए तयार था। आजादी आई, अधिकार आ गये, सम्पत्ति का अधिकार, भाषण का अधिकार, संगठन का अधिकार आ गया। परिणाम क्या हुआ? परिणामतः त्याग की जगह भोग आया, तप की जगह विलास और सेवा के स्थान पर शोषण। अनुशासन की जगह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता आ गई, फीडम आफ एक्सप्रेशन आ गया। सम्पूर्ण भारतीय आकाश में अधिकारों के मुक्के ही मुक्के नजर आने लगे, कर्तव्य या सेवा के जुड़वे हाथ कहीं नहीं। संविधान के निर्माता विधान में कर्तव्य लिखने का कर्तव्य भूल गये। संविधान में केवल अधिकार दिये, पर कर्तव्यों की कहीं सूची नहीं। वे *इसी भ्रम में रह गए कि धर्म प्रधान भारतीय* जनता के लिए शायद कर्तव्य की सूची की आवश्यकता नहीं।

पिछले 28 वर्षों में हमने केवल अधिकारों के आनन्द लिए। सम्पत्ति के अधिकार के

[श्री शंकर देव]

तहत हमने खूब लूटा, शोषण किया। भाषण और संगठन के अधिकार के तहत मन मानी बकवास करते रहे। सभ्यता अनुशासन और शिष्टाचार की हत्या की। रोज हड़ताल प्रदर्शन, नारेबाजी गाली गलोज आदि चलते रहे। मंत्रियों, मुख्य मंत्रियों तथा जनता के चुने हुए प्रतिनिधियों सभी पर खूब कीचड़ उछाली गई। अनेक मंत्रियों, मुख्य मंत्रियों और चुने हुए प्रतिनिधियों ने भी सम्पत्ति को रखने के अधिकार का दिल खोल कर लाभ उठाया। विद्यार्थियों ने फ्रीडम आफ एक्सप्रेशन का आनन्द लिया। पूंजीपतियों और सत्ताधारियों ने भी सम्पत्ति को रखने का आनन्द लिया। दोनों में होड़ चली। विद्यार्थियों ने मुक्के दिखाए तो सत्ताधिकारियों ने धक्के दिए। धक्का मुक्की चलती रही। शिक्षक जो गुरुजन कहे जाते हैं जहां से केवल कर्तव्यों की ध्वनि आनी चाहिए, वहां भी हड़ताल आदि की आवाज सुनाई देने लगी। यहां तक कि जिन स्वतंत्रता सेनानियों के जो कभी अपना सर्वस्व समर्पण करने को तयार थे, उनके भी संगठन बने और उन में पैंशन बढ़वाने के अधिकार की आवाज सुनाई देने लगी।

अधिकारों की होली खेली गई। खून रंग उड़ा, रंग के साथ कीचड़ और मैला भी एक दूसरे पर उड़ता गया। किसी भी समाचार-पत्र को आप उठा कर तबदेख लेंत आप के हाथ को कीचड़ ही लगता। सिवाय कीचड़ के उन में कुछ नहीं रहता था।

खैर, अब हमें संविधान में कर्तव्यों की सूची बनानी होगी। केवल अधिकारों और कर्तव्यों में समन्वय स्थापित किया जाना चाहिए, उन में संतुलन होना चाहिए। बेलेंस इन में आपको लाना होगा। आजादी के पूर्व कर्तव्य और आजादी के पश्चात् के अधिकारों, दोनों में आपको समन्वय करना पड़ेगा। बापू ने यही चिल्ला चिल्ला कर कहा था कि धर्म और राजनीति को अलग अलग मत करो, एथिक्स और पालिटिक्स अलग अलग नहीं है दोनों को मिला कर चलो। आजादी के पूर्व जब हम गुलाम थे तो हमारे कोई अधिकार नहीं हुआ करते थे। गुलामों के केवल कर्तव्य होते है, अधिकार नहीं होते। वेतन भी अगर लेना होता था तो उसके लिए प्रार्थनापत्र देना पड़ता था और कहना पड़ता था कि हमें वेतन दो। अधिकार पत्र नहीं दिया जा सकता था। इसी प्रकार आजाद व्यक्ति की आजादी भी कर्तव्यों से बांध कर रखनी पड़ती है कहीं वह सीमा से बाहर न हो जाए। आजादी अपना पराकाष्ठा पर पहुंच कर गुलामी बन जाती है। भारत इसी कर्त्तव्यहीनता के कारण एक बार गुलामी भुगत चुका है। अब उस में पुन परीक्षण करने की हिम्मत नहीं है। तात्पर्य यह है कि अधिकार और कर्तव्य दोनों एक दूसरे के पूरक है पर स्वतंत्र रूप में अधूरे है। आजादी को गुलामी में बदलने के पूर्व हां यह काम हमको करना पड़ेगा।

तमाम चीजों को सोच कर ही और गम्भीरतापूर्वक विचार करके ही मैं जिस परिणाम पर पहुंचा हूं उसको मैं माननीय सदस्यों के सामने रखना चाहता हूं। मैं चाहता हूं कि माननीय सदस्य इस पर गम्भीरता से सोचें। हो सकता है कि इसका कोई परिणाम न हो लेकिन मैं अपने कर्तव्य का पालन करना चाहता हूं और मेरी जो समझ है उनको आपके सामने रखना चाहता हूं। आज हम अधिकारों और कर्तव्यों के समन्वय की बात सोच रहे है। यह केवल बीच की अवस्था है। समाज का इससे आगे बढ़ना है। जहां सारे अधिकार कर्तव्यों में लीन हो जाते है और केवल कर्तव्य ही रह जाते है। इसीलिये गीता ने कहा है कर्मण्येवाधिकारस्ते। कर्तव्य करना ही हमारा अधिकार है। कर्तव्य करो और अधिकार भूल जाओ। कर्तव्य करने के पश्चात् मुड़ कर मत देखो। यह न देखो कि कर्तव्य के पीछे हमारे अधिकार भी आ रहे

हैं या नहीं। नेकी कर और समुद्र में डाल। आज हम अभी तो पहली सीढ़ी पर हैं जहां केवल अधिकार हैं। उसके पश्चात् अधिकार और कर्त्तव्य का समन्वय हम को करना पड़ेगा। यह दूसरी सीढ़ी होगी। तीसरी और अंतिम सीढ़ी जो होगी उसके मुताबिक केवल अन्त में कर्त्तव्य ही कर्त्तव्य रह जाएंगे और उस समय हमारा गीत होगा, बुराई के बदले भलाई किए जा। यदि अचानक लड़ाई हो जाती है तब ईंट का जवाब पत्थर नहीं होगा, थप्पड़ का जवाब गाल होगा। दो व्यक्तियों में भी वार्तालाप हो तो पहले आपकी आवाज सुनाई देगी। लोगों की आवाज नहीं होगी।

भारतीय संविधान की आधारशिला गीता के इस आदर्श पर स्थापित हो, यही मेरी कामना है। मैंने एक छोटी सी पुस्तिका लिखी है जिसका नाम है "मौलिक अधिकार भूल गये"। मौलिक अधिकार याद रह गये, मौलिक कर्त्तव्य भूल गए। "फंडामैंटल राइट्स एमर्टेड, फंडामैंटल ड्यूटीज फारगौटन"। इसकी एक कापी मैंने प्रत्येक मैम्बर को दी है। हमारे सदस्य इसको पढ़ सकते हैं, आशा है इससे कुछ प्रेरणा मिलेगी।

अन्त में एक बात मैं यह कहना चाहता हूं—राष्ट्र को राष्ट्र नहीं कहते, बल्कि राष्ट्रीय एकता को राष्ट्र कहते हैं। राष्ट्रीय एकता गई तो राष्ट्र गया। वह राष्ट्र न रह कर भीड़ बन जाता है। भीड़ पहले भेड़ों की हुआ करती थी, इसलिये उसका नाम भीड़ पड़ा। बाद में मनुष्य भेड़ों की तरह इकट्ठे होने लगे तो उनको भी भीड़ कहने लगे। भारत को भीड़ नहीं राष्ट्र बनाना है। इन्हीं शब्दों के साथ मैं यह विनम्र विनती माननीय सदस्यों के सामने प्रस्तुत करना चाहता हूं कि हमारे संविधान को रि-ड्राफ्ट करना पड़ेगा और उसके अन्दर फंडामैंटल राइट्स के साथ साथ फंडामैंटल ड्यूटीज को भी अटैच करना पड़ेगा, तब हमारा देश आगे बढ़ सकता है।

SHRI SOMNATH CHATTERJEE (Burdwan): Mr. Chairman, Sir, starting from the Address of the President to the speech which we have heard just now, an attempt has been made to justify the Emergency on the basis of vague generalisations and mere abuses and vilification of the Opposition parties without specifying the supposed treasonable activities on the part of the Opposition parties. I am very sorry that having been swayed by emotions and probably encouraged by the presence of the Prime Minister, a sober and responsible Minister as we thought him to be, Mr. Chandrajeet Yadav himself chose to use this occasion to vilify the CPI(M) wholly on a wrong and mis-leading basis because, realising that they cannot justify the Emergency on any positive ground, the best thing is to go on beating the Opposition with whatever stick comes handy. That is why, it was said that there has been a sort of a ganging up between the right reactionaries and the CPI (M). Sir, it is known that this is wrong and that this is an absolute calumny. What has been done? Only on a very important issue like the civil liberties, there had been cooperation and we, Sir, certainly support anybody or seek the support of anybody who will raise their voice of protest against the deliberate denuding of the personal and civil liberties in this country by a repressive Government. Whoever will come and support us, we shall certainly seek their support and give mutual support. This is done only on this basis.

Now, Sir, as Miss Patel rightly said, when BLD people join Congress they become progressives over-night. When ex-rulers and ex-zamindars joint or join the ruling party, they certainly become progressives. When Swatantrites and when Jan Sanghis join the Congress, they became progressive. Do not apply such double standards everywhere. This is my request.

You have declared Emergency. The people of the country know why. You

[Shri Somnath Chatterjee]

declare Emergency on the plea of internal disturbances, when there was already an Emergency. Because of the powers under the Constitution of India, which you wanted to exercise or which you did not want to take the trouble of having obligations under, you could do it under the existing Emergency of 1971 All the powers, the Defence of India Rules and so on, have not been promulgated now. They were actually promulgated in 1971 and this is now being used under the new Emergency Not a single extra constitutional power was obtained by proclaiming this new Emergency Then, what was this Emergency for? Was it for economic reasons? Then, there is a specific provision under the Constitution, Article 360, for declaring a financial emergency You did not take recourse to that. When there was rampant inflation, when the whole economy was out of gear, as Dr Rao has said as he has reminded us, when the Government of India was not functioning so far as the finances of the country were concerned you did not take recourse to financial emergency And what emergency powers for internal disturbance are necessary to meet an economic situation? Sir, 'internal disturbance has been used as a plea because the position of a particular individual became at stake This is the reality It should be understood I am sure hon members opposite realise it in their own heart of hearts But they cannot say so The press in this country has been gagged The Opposition has been mercilessly gagged Their own people have been gagged Today the whole intention has been to create a fear psychosis in the country to bring about a feeling of terror in the minds of the people People are not allowed to open their lips. This is a stark reality in this country No good denying it. If you deny it, you are denying it for the purpose of record only not in your own heart of hearts.

What I was asking the Government, the Prime Minister and others was this What extraordinary powers did you need for which a second Proclamation was made? Now, if there was internal disturbance alone, why have you brought out so many other justifications, please, for this emergency? How can you, so to say, take the pretext of financial difficulties? How can you take the pretext of late running of trains for internal disturbance? This party has been in power since independence in this country If the trains had not been run in time, it is very easy to go on blaming the workers Why have you not been able to inculcate a sense of discipline among the workers? Why have you not been able to make them feel part and parcel of this country make them feel that they are one with the administration? Why are they alienated from you? Why are the common people alienated from you? You have no answer You never ask yourselves those questions For everything that is not happening properly in this country, an emasculated Opposition is supposed to be responsible You ridicule the opposition and say "They people are not with you' but you hold that every emasculated and miniscule Opposition, according to you supposedly responsible for the ruination of this country You have been in uninterrupted charge of the government of the country You have not delivered the goods to the people Poverty has been accentuated People's miseries have increased a hundredfold, and you say you are not responsible for that

That is why I say that your right to govern this country now is based on repressive powers. You cannot function without Draconian laws. You cannot function under ordinary laws of the country The Constitution of India which 25 years ago had been commended to the country by no less a person than Jawaharlal Nehru, that Constitution does not suit you, because

it gives some powers even now to the people of the country. You do not like the people of this country to have any power. You do not want that the people of this country can raise a voice of protest? That is why you have come up with proposals, those obnoxious proposals, like that are being circulated, the source of which has not been denied.

As I was saying, if discipline was the reason, then a false reason has been given in the Proclamation of Emergency that internal disturbances were there which threatened the security of the country. If Mr. Jayaprakash Narayan had been guilty of treason, try him for treason. Give him exemplary punishment under the laws of the land. If Morarji Desai, or for that matter any person, has been guilty of sedition try him. Give him an opportunity Let the people of the country know. Mr. Jayaprakash Narayan has been arrested. He is a Right reactionary. In the name of fighting fascism and Right reaction, you have arrested MPs like Mr. Jyotirmoy Bosu and Mr. Noorul Huda. Do they belong to Right reactionary parties? You have arrested trade union workers You have dismissed trade unionists, government servants, under MISA. You have detained them You have dismissed them under art. 311(2) without even letting them know what is their wrong. It is, therefore, very easy. Even the present Constitution, as it stands today, gives enormous powers to the Government A government servant can lose his job in a minute. A person can be kept in detention indefinitely. Even his right to move the court is extremely limited What have you done? You are afraid to face the people. The Supreme Court of India has given clearance to the Prime Minister's election. One of the Judges who upheld her election had made an observation. I do not know whether she has had the time to go through the judgement which has been delivered in her own case. Mr Justice Chandrachud has observed that law should not be what the king emperor thinks is law; it should be decided in the anvil of constitutionality; it should be tested on the principle whether it is for public good. One of the Supreme Court Judges who had held in her favour has reminded the people of the country that it was not the attitude. Today an attempt is being made to stifle popular and democratic movements and stifle the ventilation of the people's grievances. If I say something here which is not to your liking, the people outside will not know; they do not know that there is another version possible on a particular issue People may think: we have sent him to Parliament: we want to know whether our representative toes the line of Government or he has some alternative proposals to make. But now people will not know. Look at today's papers and see how Mr. Samar Mukherjee's speech had been reported. It is a travesty of reporting parliamentary proceedings. Is this the way you are going to take the country along the path of progress?

Mr. Chairman, I want to make this appeal to the hon. Members opposite through you: do not feel that patriotism is your monopoly; or the desire to do good to the country is only your monopoly. We are as much anxious that this country should be governed and governed properly; we want that this country should proceed on right lines, if my line is a little different does it mean that I do not have patriotism? If I do not want the zamindars, the landed gentry and the black marketeers to control our country, does it mean that I am not patriotic? If I want to say something which the people of the country want me to say should I not be allowed to say? If a judge delivers a judgement which you do not like, you say that the judge is wrong and therefore you want to take away the court's powers. Why are you so arrogant? You do not want anybody to judge your action. Why should not the judges decide whether you do something rightly or wrongly? It is a system which has worked for

[Shri Somnath Chatterjee]

so many years. Take the last amendment of the Constitution which this Parliament adopted. We were willing parties to it. We had been demanding that the Constitution should be so amended that no vested interests can take advantage. We have enlarged the powers under article 31 of the Constitution; we have given enormous powers to the Government. But how has this Government utilised those powers? What legislation has stood in their way? How have the courts stood in their way? In the way of any single welfare legislation? We on this side have extended our support even to a capitalist and reactionary government as this when they thought of welfare legislation. Whether they were implementing that or not, we had extended them full support. Let them give one example of one single welfare legislation which had been held up by us in Parliament? I challenge them. On the other hand, in the name of bringing about a balanced society, egalitarian society and welfare and socialism in this country, they have reduced the quantum of bonus without reducing the cost of living. They have taken away the rights of the workers even to hold meetings and demonstrations. They have not even the right to go to their managers to ventilate their grievances. There is a case in regard to Bank of India, I am not going into merits because the matter is *sub-judice*. It is a nationalised bank and I want to tell the hon. Members what happens there. The authorities there issued a circular deducting the salaries of the employees, because their representatives had gone to a meeting with the manager for ventilating employees' grievances who even entertained them. But after the meeting the manager issues a notice to them: you did not work during the time you came to see me and therefore you are not entitled to wages for that period.

Is this the way of getting the willing co-operation of the ordinary people of this country? Is this the way you want their participation in your so-called nation-building? Mr. Chairman, Sir, the position is this. In the garb of emergency, what is being sought to be done is to create and maintain a hegemony. We are opposed to that. The attempt is to create and maintain a particular attitude of Government which is not in tune with the national aspirations of this country. You are utilising this not for the betterment of the people because the inflation has been contained. It is said that Emeregncy should remain and continue not because of inflation but because of other economic reasons and therefore elections should not be held. See how the reason is put forward by this Government. Sir, what is the position in the economic field? What is the position in the small industries, small-scale industries like bulb manufacturing industries? Mr. Maurya is here. He has got the statistics fully. The small-scale industries are almost closed down. The wagon building industries in West Bengal are completely at a stand-still. J. K. Aluminium is being closed. Hindustan Motors have introduced a rotational system of lay-offs of the employees.

Now, who is coming to their protection? Are you using Emergency powers against the management of Hindustan Motors? You have got all the powers under the Sun. You don't care for the people's rights under Article 19 and under Article 14 you have suspended them. But you have not suspended Article 31 which guarantees property rights. You have forbidden my right to form an assembly and the right to free speech. You have taken away my right of equality to be treated equally amongst equals. But you have not taken away the right of the propertied class. That is why Article 31 has not been touched. This is the true position of this Government.

Sir, in the jute industry, what is happening? Concession after concession has been made but lay-off and

closure are continuing. More lay-offs and more closure and more retrenchment are continuing. Now, are you using your unlimited emergency powers against these closures, lay-offs, lock-outs and retrenchments? Not a single instance. In the Jute Mills, even the jute growers are not getting concessions. Conceshions have been given to the jute mills but jute growers are not getting even the support price. Same is the thing with regard to the Textile Mills. In those mills which have been taken over by the Textile Corporation, the workers are extending all support, not a single complaint has been made against workers. They are doing extra work. But they are in doldrums because the management is still as bad as it was. There is a huge stock piling. No attempt has been made to have the stocks cleared. The retailers cannot even take them, far less the consumers because of high cost of textile goods.

Sir, this is the position in this country and we are only told that something was being done for which Emergency must be imposed Therefore, I request my friends, through you Sir, with all sense of responsibility do not take the people of this country for a ride. Try to do something good for them. If the people are with you, why are you afraid of them?

श्री एम० राम गोपाल रेड्डी (निजामाबाद) सभापति जी, राष्ट्रपति जी का जो अभिभाषण हुआ है, मैं उस का हृदयपूर्वक समर्थन करता हूं । अभी थोड़ी देर हुई हमारे शमीम साहब ने भाषण किया था—वह इस वक्त यहां मौजूद नहीं हैं—ऐसा मालूम पड़ता है कि उन को न किसी का भाषण पढ़ने की इच्छा है, न सुनने की इच्छा है, बस सिर्फ मनमानी बोलने की इच्छा है । मैं उन के लिये ो अशआर कह कर अपना भाषण शुरू करूंगा,—

मगर ऐसे नादान का क्या ठिकाना,
जो दर्द ही को दवा जानता है,
जो समझाये कोई बुरा मानता है,
बुराई को अपनी भला मानता है ।

इस देश में क्या हो रहा है —उनकी समझ में नहीं आ सकता । अगर कोई समझाये तो बुरा मानते हैं और उस की बुराई को अपनी भलाई मानते हैं । इस लिये उन के साथ वहस करना फिजूल है । इस लिये अब मैं अपना भाषण शुरू करता हूं ।

हमारे श्री सोमनाथ चैटर्जी ने अभी फरमाया था कि देश में अपोजीशन की तरफ से तरक्की के कारणों में कोई रोडा नहीं अटकाया गया है । मैं उन की खिदमत में अर्ज करना चाहता हूं—सीपलिस्ट पार्टी आफ़ इण्डिया का क्या काम था—जिस वक्त से देश को आज़ादी मिली, उन का काम यह था कि जहां कहीं भी अंग्रेजी के शब्द लिखे हुए हों, उन को मिटाना । इस के सिवाय उन का और कोई नजरिया नहीं था । डी० एम० के० का काम यह था कि जहां कहीं हिन्दी के शब्द नजर आयें उन को मिटाना । जनसंघ का क्या काम था—100 मील के किराये में अगर 25 पैसे का भी इज़ाफ़ा किया जाय तो सत्याग्रह करना, रेल की पटरी पर बैठना । कम्यूनिस्ट पार्टी आफ़ इण्डिया क्या करती रही है —वह भी सुन लीजिये —1974 में पूरे 365 दिन उन्होंने हड़ताल कराने की कोशिश की—यह अपोजीशन का नक्शा रहा है, तरक्की के हर काम में उन्होंने रुकावट डाली । इसी लिये प्रधान मंत्री जी ने कहा था—1965 से 1975 तक पूरे दस सालों में दस दिन भी ऐसे नहीं मिले, जब कि कुछ शान्ति से किया जा सके । यह रवैया हमारे अपोजीशन का अब तक रहा है, यह इन की हिस्ट्री है । इसी लिये प्राइम मिनिस्टर ने मजबूर हो कर 25 जून को एमरजैन्सी लागू की ।

[श्री एम० राम गोपाल रेड्डी]

अब यह कहना कि अपोजीशन के लीडरों को जैल में रखा गया है— यह सही नही है। अपोजीशन के लीडरों को जेल मे नही रखा गया है, गैस्ट-हाउसेज में रखा गया है, हमारे स्वर्गवासी शमीम के देश मे रखा गया है वे अपने कश्मीर को स्वर्ग समझते हैं—इस लिये श्री एल० एन० मिश्रा को स्वर्गवासी बनाया है वहा उनको हर तरह की सुविधा दी गई है ताकि वे लोग अपनी आत्मकथा इत्मिनान के साथ लिख सके, अपने सस्मरण मैमायर्स लिख सकें और वे लोग लिख रहे है इन्ट्रास्पैक्शन कर रहे है कि हम ने देश मे पिछले 25 सालो मे जो काम किया है, वह अच्छा किया है या गलत किया है। इस को सोचने के लिये ही ऐसी जगह मे रखा गया है और मैं उम्मीद करता हू कि वे लोग इस नतीजे पर जरूर आये होंगे कि पिछले 25–27 सालो म इस देश मे उन्होने जितनी बद-खिदमती की है, हानि पहुचाई है, उसी का नतीजा है कि हमारे ऊपर एमरजेन्सी लगी हुई है, इस के लिये इन्दिरा गान्धी की गवर्नमेंट पर या उनकी पार्टी पर कोई दोष नही है।

मैं पूछना चाहता हू कि देश के कल्याण के लिये आपने कौन से कदम उठाये है। यह कहना कि हम ने हर उस मेजर का स्पोर्ट किया है जो देश के कल्याण के लिये यहा लाया गया, तब फिर मैं पूछना चाहता हू— रोजाना इस सदन मे तीन-चार घटे तक जो चीखो-पुकार होती थी, क्या वह देश के हित मे थी। आज हमारे सोम नाथ चटर्जी और दूसरे लोग जिस तरह से आर्ग्यूमेन्ट्स कर रहे हैं क्या वे उसी तरह से पहले नही कर सकते थे? उस वक्त तो आर्ग्यमेन्ट्स का तरीका डिस्कशन का तरीका छोड़ कर हुल्लडबाजी का तरीका अख्तियार किया गया था। आप ने उस वक्त क्या किया था—विद्यार्थी वर्ग को अपने स्कूल जाने से रोका, उन को एक्जामिनेशन मे बैठने से रोका उन को नकल करने के वास्ते मजबूर किया, देश मे हर तरफ बदुनजमी फैलाने की कोशिश की, यह सब गवर्नमैन्ट की लीनिएन्सी की वजह से हो सका। इसी लिये हमारी प्रधान मत्री जी ने कहा—हम लोगों को आज जो सुविधाये मिली है आजादी मिली है उस का नाजायज तरीके से इस्तेमाल किया गया है। इस वास्ते इमरजेंसी लागू करनी पड़ी। इमरजेंसी के बाद पहली दफा 25 साल मे देश सही रास्ते पर चल रहा है। हर आदमी समझता है कि देश के वास्ते उसे कुछ काम करना है आज आप मजदूरों का सहारा लेकर उन की बात कर रहे है। क्या हम मजदूरों के लीडर नही है केवल आप ही है? यह विचार आप का गलत है। हमारी पार्टी आल इडिया पार्टी है हम भी उन की नमाइन्दगी करते है।

यह कहना कि हम लोग चुनाव से डरते है, गलत है। आप देखिये कि गुजरात मे अपोजीशन की सरकार है लेकिन वहा जो हाल मे चुनाव हुए हैं उन मे विरोधी दल हार गये हैं। तो हम चुनाव से डरने वाले नही है। काग्रेस का हर आदमी समझता है कि चुनाव एक मेरफुल नेसैसिटी है। हमारे क्षेत्र के लोग कहते है कि अगर चुनाव हो तो आप लोग ज्यादा बहुमत से जीतेंगे। लेकिन हम चाहते है कि जो रेलगाडी पटरी पर चल रही है और देश का कल्याण हो रहा है इस वास्ते छोटे मोटे इलेक्शन के चक्कर मे न पड़ कर, उस का लक्ष्य न कर के एक साल के लिये हमारी पार्टी ने चुनाव का पोस्टपोन करने का सुझाव दिया है।

एक नई चीज है जिस को बहुत से सदस्य नहीं समझते होंगे और वह यह कि जितने हमारे हार्बर्स हैं वहां जगह जगह गोदाम बने हुए हैं जिनका इस्तेमाल स्मगलड

गुड्स बाहर से लाने और ले जाने के वास्ते होता है । मैं चाहता हूं कि हमारा शिपिंग मंत्रालय इस ओर ध्यान दे और ऐसे गोदामों को सरकार को अपने हाथ में ले लेना चाहिये जिस से उन का उपयोग शुगर ऐक्सपोर्ट के लिये और फर्टिलाइजर के इम्पोर्ट के लिये किया जा सके । जब तक गोदाम खाली रहेंगे तो उन में सामान रखा जायगा ।

हम शुगर ऐक्सपोर्ट बहुत कम कर रहे हैं । 1200 करोड़ रुपये का तेल हर साल हम इम्पोर्ट कर रहे है । तो निर्यात भी चीनी का 1200 करोड़ रुपये का होना चाहिये । लेकिन अभी 600 करोड़ रुपये का ऐक्सपोर्ट शुगर का हो रहा है जो बहुत कम है । मैं चाहता हूं कि सरकार ज्यादा से ज्यादा कोशिश कर के शुगर ऐक्सपोर्ट को बढ़ाये ।

एक और बात है कि जो शुगर फैक्टरीज कोआपरेटिव सैक्टर में आ रही हैं और जिन की लागत 2 करोड़ या उस से ज्यादा है उन के वास्ते कुछ कन्सेशन्स दिये जा रहे है । अगर कोई व्यक्ति मेहनत कर के 2 करोड़ से कम खर्च करता है तो उस को कंसेशन्स नहीं मिल रहे हैं. सम्पत कमेटी के अनुसार इस बारे में मेरा निवेदन है कि आप को एक क्वास डेट मुकर्रर करनी चाहिये उस के बाद से जितनी भी शुगर फैक्टरीज आये देश में उन सब को मसावी तरीके से वह कंसेशन्स मिलने चाहिये । अगर ऐसा नहीं होगा तो शुगर इंडस्ट्री आगे नहीं बढ़ेगी, उस का प्रोडक्शन नहीं बढ़ेगा और आप ऐक्सपोर्ट ज्यादा नहीं कर सकेंगे । इसलिये जो भी कंसेशन्स नई शुगर फैक्टरीज को सम्पत कमेटी के अनुसार मिल रहे है वह सब नई कोआपरेटिव शुगर फैक्टरीज को मसावी तरीके से मिलने चाहिये । 2 करोड़ रुपये की पाबन्दी नहीं होनी चाहिये । अगर आप मेरा सुझाव मानेंगे तो इस से हमारा प्रोडक्शन बढ़ेगा और काफी विदेशी मुद्रा हम को मिलेगी ।

इन शब्दों के साथ मैं धन्यवाद के प्रस्ताव का समर्थन करता हूं ।

प्रो० एस० एल० सक्सेना (महाराजगंज) अध्यक्ष महोदय मैं कल से अपोजीशन और रूलिंग पार्टी के सदस्यों के भाषण सुन रहा हूं । आरोप और प्रत्यारोप यही मैं देख रहा हूं और किसी ने कोशिश नहीं की कि स्थिति को सुलझाया जाए । मैं समझता हूं कि समय आ गया है कि अब मामला शान्त किया जाए । जय प्रकाश जी को छोड़ दिया गया तो कोई आसमान नहीं टूटा । महताब जी को भी छोड़ दिया गया और उन्होंने जय प्रकाश जी को लिखा है कि अब स्थिति बदल गई है जिस पर फिर से विचार किया जाए । आप इमर्जेंसी भले ही रखिये लेकिन अब समय आ गया है जब कि आप विरोधी दलों के नेताओं और दूसरे लोगों को छोड़े ताकि वे बैठकर सोच सकें कि इस स्थिति में क्या करना है । यह कोई आपके लिए शान की बात नहीं है कि सारे नेताओं को आप गिरफ्तार रखें । आप अगर यह चाहें कि वे आप से माफी मांगे तो ऐसा वे कर नहीं सकते हैं और यह संभव नहीं है । इसलिये मेरी आपसे प्रार्थना है कि इमर्जेन्सी भले ही कायम रखी जाए लेकिन नेताओं को छोड़ दिया जाए : मैं मानता हूं कि इमर्जेन्सी से बहुत फायदे भी हुए हैं लेकिन नेताओं को छोड़कर आप उनको मौका दीजिए कि वे सोच सकें कि अब इस स्थिति में क्या किया जाय । श्री जय प्रकाश जी को महताब जी ने चिट्ठी लिखी है और कहा है कि नई वर्तमान स्थिति को देखिये । इस तरह से लोगों के ख्यालात बदल रहे है और इसका फ़ायदा उठाइए और कोशिश कीजिए जिससे मामला सुलझ जाए । सब बड़े बड़े नेता जेलखानों के अन्दर बन्द है और जब तक आप उन्हें बन्द रखेंगी उस समय तक दुनिया में आपकी बदनामी नहीं मिट सकती । मैं समझता हूं कि देश का हित इस में ही है कि देश के नेताओं को जो देशभक्त है, जो देश के दुश्मन नहीं हैं, उन्हें आप छोड़ दें । अगर आपके काम

[प्रो० एस० एल० सक्सेना]

अच्छे हैं तो वे आपका समर्थन करेंगे। इमर्जेन्सी से बहुत फायदा हुआ है। देश में अनुशासन आया है, विद्यार्थियों के अन्दर जो शरारत थी वह खत्म हो गई है लेकिन यह सब डर के कारण है और अभी कोई उनके अन्दर चीज जमी नहीं है। इसलिए मैं फिर कहता हूं कि एमर्जेन्सी को कायम रखिये। इससे फ़ायदे हुए हैं लेकिन नेताओं को जो देश के प्रति वफ़ादार हैं उनको आप छोड़िये। बाहर जाकर वे आपका क्या बिगाड़ लेंगे। मेरी आपसे प्रार्थना है कि आप उनको छोड़िये। आज होता क्या है। जो आपके कारखाने हैं उनमें जो आपके अफ़सरान हैं, वे कितनी शरारत कर रहे हैं। हमारे गोरखपुर के अन्दर एक फर्टिलाइजर का कारखाना है। उसमें सितम्बर 1975 में और फिर नवम्बर, 1975 में आग लग गई। बड़ा हल्ला हुआ कि करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है। बड़ा हल्ला हुआ कि मैनेजर नालायक है और टेकनिकल आदमी नहीं है। मैं वहां देखने के लिए गया और मैनेजर से मिला। मुझे ताज्जुब हुआ कि इस मैनेजर के जमाने में जितना प्रोडक्शन हुआ था फर्टिलाइजर्स का उतना पहले कभी नहीं हुआ। आग लगने में मैनेजर का कोई कसूर नहीं है। मैंने जो इंक्वायरी कमीशन ने रिपोर्ट दी थी, उस को देखा और उसने मुझे बताया कि यू० पी० स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड ने कमीशन की रिपोर्ट पर अमल नहीं किया। कारखाने को लगातार पावर दिये बगैर काम नहीं चल सकता है और यह कारखाना नहीं चल सकता। या तो कारखाना अपना पावर हाउस लगाये या उसको लगातार बिजली मिले। ऐसा न होने से वह केबिल्स जल गये और इसलिए आग लग गई। मैं कहना चाहता हूं कि लगातार इलैक्ट्रिसिटी न मिलने के कारण ऐसा हो जाता है। अभी श्री नरसिंह नारायण पांडे ने एक सवाल किया था और उसका जवाब यह दिया गया है :

"High-powered committees were set up by the Corporation on both the occasions. The Committee found that the first fire on 13-9-75 was due to bursting of the power cable; and the second fire on 14-11-75 was due to non-observance of safety regulations."

केबिल बिजली सप्लाई टूट जाने से जले। मैं पूछता हूं कि आपने यू० पी० इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड के चेयरमैन को क्या सजा दी। जांच कमीशन की जो रिपोर्ट थी वह इम्पलीमेंट क्यों नहीं की गई। उसके इम्पलीमेंट न होने से यह आग लगी और अब भी फिर लग सकती है। मैनेजर ने कहा कि कारखाना चलाना बहुत ही खतरनाक है अगर बिजली ठीक तरह से नहीं मिली। इसके लिये जो प्रोपोजल्स रखे गये हैं और कमिशन ने जो बातें कही हैं उन पर अमल किया जाए।

मैं चाहता हूं कि कमिशन की रिपोर्ट पर अमल न करने के लिए यू० पी० इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड के मेम्बरों और चेयरमैन को सजा दी जाए जिन्होंने इतनी बड़ी गलती की और जिसकी वजह से इतना भारी नुकसान हो गया है।

17.00 hrs.

आपका जो 20 प्वाइंट प्रोग्राम है, वह बहुत अच्छा है, उसका मैं समर्थन करता हूं। लेकिन इसमें गलत काम भी हो रहे हैं। मैं आपको अपने जिले की बात बताता हूं। वहां जमीन बंट रही है। लेखपाल, कानूनगो आदि लोगों से, गरीब हरिजनों से, लैंडलेस लेबर से सौ सौ रुपया घूस लेकर जमीन बांटते हैं। यह हो रहा है। इसको देखने वाला कोई नहीं है। शिकायत की जाती है तो कोई सुनता नहीं है। इस तरह का जो भ्रष्टाचार है इसकी तरफ भी आपका ध्यान जाना चाहिये। आज पुलिस सुप्रीम पावर में है। लोगों को डराती धमकाती है कि तुम्हें डी आई आर में, मीसा में बन्द कर देंगे। पुलिस के जुल्म बहुत बढ़ गये हैं। इस चीज की तरफ़ भी आपका ध्यान जाना चाहिये। जो विरोधी पार्टियों के लोग हैं और जिनको

आपने जेलों में बन्द कर रखा है उनको आप मुक्त कीजिये । उनका यह काम है कि जो जुल्म होते हैं, जो ज्यादतियां होती है उनके खिलाफ आवाज उठाये । आपने उनको बन्द कर रखा है । फीयर का जो वातावरण फैला हुआ है वह ठीक नही है । मेरी प्रार्थना है कि नार्मल सिचुएशन चूंकि हो गई है इस वास्ते आप कोशिश करे कि उनको छोड दिया जाए । सब लोग आपकी मदद करेंगे देश को आगे बढाने में ।

श्री परिपूर्णानन्द पन्यूली (टिहरी गढवाल): राष्ट्रपति जी ने 25 जून को आपात्कालीन स्थिति की जो घोषणा की, और पहली जलाई को प्रधान मन्त्री जी ने बीस सूत्री आर्थिक कार्यक्रम की जो घोषणा की, इसके लिए सारा राष्ट्र उनका कृतज्ञ है । आपात्कालीन स्थिति में जहा देश मे अनुशासन की भावना पैदा हुई है वहा 20 सूत्री आर्थिक कार्यक्रम ने देश को प्रगति और उन्नति की ओर ले जाने में एक नया मोड दिया है । अगर आपात्कालीन स्थिति की घोषणा न हुई होती तो स्वेच्छा से छिपे हुए धन और सम्पत्ति की जो पन्द्रह सौ करोड रुपये की घोषणा हुई है न हुई होती । यह केवल उसके कारण ही सम्भव हुआ है । आपात्कालीन स्थिति का ही यह प्रभाव था कि कारखानों, स्कूलों, सरकारी दफ्तरों और तमाम क्षेत्रों मे अनुशासन और चुस्ती आई ह । उत्पादन बढा है भावों मे गिरावट आई है । यह भी प्रसन्नता की बात है कि नौ सौ अरब रुपये से अधिक की पूंजी हमारे राष्ट्रीय-कृत बैंकों में जमा हुई है । कारखानों में काम करने वाले मजदूर वही है, वही सरकारी कर्मचारी हैं वही स्कूलों और कालेजों में पढने वाले छात्र हैं, सारा समाज वही है जो आपात्काल की घोषणा के पूर्व था । लेकिन सब मे जो तबदीली आई है वह आपात्कालीन स्थिति का नहीं तो किस चमत्कार का परिणाम है ? किस चीज ने समाज के प्रत्येक वर्ग मे अनुशासन का मंत्र फूंका है ?

विरोधी पक्ष के मुट्ठी भर लोगों को छोड कर जो आज हठधर्मी के कारण वास्तविकता को स्वीकार करने मे इन्कार करते हैं, सारा देश आज एमर्जेन्सी के महत्व को समझता है, इसके लाभों को समझता है और अनुभव करता है । जिन्होंने पहले इस एमरजेंसी की आलोचना की थी वे भी अब स्वीकार करने लगे है कि एमरजेन्सी से भारत को हर तरह से लाभ हुआ है । आर्थिक स्थिति मे सुधार हुआ है । इसका इससे बडा प्रमाण और क्या हो सकता है कि पिछले वर्ष की तुलना मे इस साल पच्चीस प्रतिशत तक अधिक राशि की प्लान के लिए व्यवस्था की गई है । यह इस बात का प्रमाण है कि हमारे साधन बढे हैं । इससे आशा बधती है कि 1976–77 के बजट मे 70 से 75 अरब रुपये तक की व्यवस्था की जाएगी ।

मार्क्सवादी पार्टी के एक सदस्य ने कल तथा दूसरे ने आज भी सरकार की एमरजेंसी नीति की आलोचना की है । कल श्री समर मुखर्जी ने आलोचना की थी सेंसरशिप की । वह इस बात को भूल गए कि ऐसा करते हुए व अपने तर्क को ही काटने लगे है । एमरजेंसी के दौरान जिन अखबारों ने सरकारी कामकाज की आलोचना की उन्होंने उन्ही अखबारों के समाचारों को उन्होंने यहा पर उद्धृत किया है । इसका अर्थ यह है कि सेंसरशिप के बावजूद अखबारों को उस सीमा तक आलोचना करने का अधिकार था जो कि न्यायपूर्ण है ।

मान्यवर, ये लोग इस बात को साफ-साफ क्यों नही कहते कि फ्रीडम आफ दि प्रेस के नाम पर ये उन गैर-जिम्मेदार अखबारों की हिमायत करना चाहते हैं जो

[श्री परिपूर्णानन्द पैन्यूली]

कि कीचड़ उछालते रहे है, जो कि विध्वंसक तत्वों को समर्थन देते रहे है और जो हमारे देश को आजादी को खतरे मे डालना चाहते थे। उनको मालूम होना चाहिए कि फ्रीडम आफ दी प्रैस के नाम पर वे कितने घडियाल के आंसू बहायें, उस गन्दी पत्रकारिता को, यैलो प्रैस को, हमारा देश तिलांजलि दे चुका है जो हमारे जनतंत्र को खतरे मे डाल सकता था।

राष्ट्रपति जी ने एक महत्वपूर्ण बात प्रशासन मे सुधार लाने के बारे मे और उसे चुस्त करने के बारे मे कही। मै पुन निवेदन करना चाहता हू कि एमरजेंसी के समय आप प्रशासन का जितना शुद्धीकरण कर सकते हैं, सम्भवत उसके लिये आगे मौका रहे या न रहे। दुर्भाग्य की बात यह है कि हमारी प्रगति रुकने का एक बहुत बड़ा कारण यह रहा है कि दिशाहीन निष्ठारहित और ढीला प्रशासन हमारे देश मे रहा है जो कि हमारी विफलताओं के लिये बहुत कुछ जिम्मेदार रहा है। प्रशासन को जब तक चुस्त नही किया जायेगा तब तक जो लक्ष्य हमने निर्धारित किये है, वह पूरे नही हो सकते उदाहरण के लिये राष्ट्रपति जी ने घोषणा की है कि हम आगामी तीन वर्ष मे बर्थ रेट एक हजार पर 30 करना चाहते है। इसी प्रकार हमारे आर्थिक और सामाजिक कार्यक्रम है। उनकी उपलब्धि तब तक सम्भव नहीं है जब तक हम प्रशासन को शुद्ध और चुस्त नही करते।

मान्यवर, प्रशासन का इफैक्ट पिछडे हुए इलाकों मे सब से अधिक है। वहा आज भी प्रगति कछुए की चाल से हो रही है। मैं आपका ध्यान एस्टीमेट्स कमेटी की 69वी रिपोर्ट की ओर आकर्षित करना चाहता हू। पृष्ठ 116 पर उन्होने सिफारिश की है --

"The Committee stress that in the interest of bringing about rapid development of these areas, Government should review critically the existing personnel policies and practices in respect of these backward areas and post the best and most efficient officers with about 7 to 10 years' service to these areas. They should be assigned specific tasks the performance of which should be taken special note of for future promotion."

मैंने यह बात इसलिए उद्धृत की है कि एस्टीमेट कमेटी के रिपोर्ट के बावजूद और प्लानिंग कमीशन की टास्क फोर्स 1972 की रिपोर्ट के बावजूद आज भी इस दिशा मे कोई प्रगति नही हो पाई। एस्टीमेट्स कमेटी ने 70वी रिपोर्ट मे बैकवर्ड एरिया इडस्ट्रियल डैवलपमेंट कार्पोरेशन की स्थापना की सिफारिश की थी आज तक उस दिशा मे भी कोई कदम नही उठाया गया है। मै आशा करता हूं कि इस दिशा में सरकार कदम उठायेगी। राष्ट्रपति जी ने उस वर्ग को ऊपर उठाने के लिए कुछ कदम उठाने की घोषणा की है जो समाज की सब से नीची सीढी पर है, जैसे गावों मे खेतिहर मजदूर, स्माल फार्मर्स और मार्जिनल फार्मर्स है। आज एक तरफ कृषि का फैगमैंटेशन हो रहा है और दूसरी तरफ बडी भूमि वाले बड़े-बडे काश्तकार मुट्ठीभर ऐसे लोग हैं। जिसका दुष्परिणाम यह हो रहा है कि भूमिहीन किसान और मार्जिनल फार्मर्स गाव छोड़कर शहर की ओर जा रहे हैं।

तमिलनाडू का एक सर्वे अभी हाल ही मे समाचारपत्रों मे छपा है। मैंने कल के या आज के पेपर मे पढ़ा है कि वहां की फैक्टरी के 77 6 परसेंट मजदूर वगैरा पानी न मिलने के कारण गाव छोड कर अपनी उदरपूर्ति के लिए शहरों मे आये है। जो स्थिति तमिलनाडू की है वह देश भर मे है। इसमे कोई शक नहीं है कि सरकार पानी और टैक्नोलाजी की सुविधा देकर किसानों को कुछ वर्षों तक और

गावों के रहने दे सकती हैं लेकिन यह स्थिति अधिक समय तक चलने वाली नहीं है। जब तक सरकार कोई स्थायी कदम न उठाये मैं समझता हूं कि इसका स्थायी हल निकलने वाला नहीं। इसके लिए गावों में ग्रामोद्योग और एग्रो इंडस्ट्रीज कायम करनी होंगी।

आज साबुन तेल कपडा बर्तन आदि सब चीजें शहरों में स्थापित कल-कारखानों में पैदा होती हैं। अभी एक माननीय सदस्य आप यहां रहे थे कि फलां फैक्टरी में ले-आफ कर दिया गया है। मैं समझता हूं कि ऐसी फैक्टरियां कल नहीं आज बन्द हो जायें तो कोई हर्ज नहीं। वास्तव में ये आवश्यक वस्तुयें गावों में बननी चाहिए और किसानों को उन के उत्पादन का मौका मिलना चाहिए ताकि वे आत्म-निर्भर हो सकें।

हमारे गावों में रीसोर्सिज की कमी नहीं है। रीसोर्सिज में मैनपावर सब से महत्वपूर्ण स्थान रखती है।

17 11 hrs

[SHRI G VISWANATHAN *in the Chair*]

सब से आवश्यक बात यह है कि रीसोर्सिज यूटिलाइजेशन की व्यूह-रचना स्ट्रैटेजी का एम्पलायमेंट जेनेरेशन के साथ अटूट सम्बन्ध होना चाहिए उन को एक दूसरे के साथ इन्टेग्रेट किया जाना चाहिए। उस को आधार मान कर हम को आने वाली पीढ़ी की शिक्षा पाठ्यक्रम और प्रशिक्षण आदि की व्यवस्था करनी चाहिए। मैं समझता हूं कि खादी कमीशन जैसी संस्थाओं को इस दिशा में आगे आना चाहिए। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि खादी कमीशन एक बहुत बड़ा हाथी बन गया है हमारी बेरोजगारी दूर करने में जिस का कोई विशेष योगदान नहीं है।

अन्त में मैं कुछ बातें उत्तर प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों के बारे में कहना चाहता हूं, जिन का किन्हीं कारणों से राष्ट्रपति के अभिभाषण में उल्लेख नहीं हो पाया है। हिमाचल प्रदेश और काश्मीर को जो पर-कैपिटा केन्द्रीय सहायता मिलती है वह काफी नहीं है उसमें वृद्धि होनी चाहिए। किन्तु मेरा निवेदन है कि उत्तर प्रदेश के पहाडी इलाकों को कम से कम उतनी पर-कैपिटा सैन्ट्रल एड तो देनी चाहिए जो इस समय हिमाचल प्रदेश को दी जा रही है। मैं समझता हूं कि मेरे दोस्त डा० कर्णसिंह और श्री महाजन, जो काश्मीर और हिमाचल प्रदेश से आते हैं और सदन में उपस्थित हैं इस बात से सहमत होंगे कि उत्तर प्रदेश के पहाडी इलाकों के साथ अभी भी सौतेला व्यवहार हो रहा है। मैं उम्मीद करता हूं कि शासन इस ओर ध्यान देगा।

जहां तक उद्योग-धन्धों का सवाल है पहाडी इलाकों में—काश्मीर नागालैंड मेघालय और उत्तर प्रदेश के पहाडी इलाकों आदि में—रीसोर्सिज की कमी नहीं है। वहां नैचुरल रीसोर्सिज हैं और मैनपावर भी बहुत ज्यादा है लेकिन उन में कोई समन्वय नहीं है। उन इलाकों की तरक्की तब हो सकती है जब कि वहां के नैचुरल रीसोर्सिज मैनपावर और टैकनिकल नो-हाऊ को कम-बाइन कर के वहां पर रिसोर्स-बेस्ड इंडस्ट्रीज स्थापित की जायें।

द्वितीय पंच-वर्षीय योजना के समय से यह मांग की जा रही है कि टिहरी-गढवाल में एक घडी का कारखाना स्थापित किया जाये लेकिन अभी तक यह नहीं हो पाया है। मसूरी हिल्ज के पास लाइमस्टोन और मार्बल के डिपाजिट्स हैं। डा० कर्ण सिंह वहां के विद्यार्थी रहे हैं और उन को इस के बारे में पूरा ज्ञान है। लाइमस्टोन पर आधारित कैमिकल्ज फैक्टरीज वहां पर स्थापित की जा सकती हैं। मसूरी हिल्ज में राक फासफेट

[श्री परिपूर्णानन्द पैन्यूर्ली]

के भी डिराजिट्स है। वहा पर एक फास्फेट का बनिफिसिएशन प्लाट लगाया जाना चाहिए, लेकिन अभी तक इस ओर भी ध्यान नही दिया गया है ।

अन्त मे एक महत्वपूर्ण बात की ओर मैं आप का ध्यान आकर्षित करना चाहता हू। टिहरी का बाध द्वितीय पचवर्षीय योजना से खटाई मे पडा हुआ है । वह एशिया का सब से बडा और ससार का दूसरे नम्बर का बाध होगा जिस से देश को न केवल बिजली और पानी मिलेगा बल्कि उस बाध के निर्माण से मैदानी इलाका मे बाढ की रोक-थाम भी हो सकेगी ।

मैं निवेदन करना चाहता हू कि शासन को इस क्षेत्र के विकास की दिशा मे कदम उठाना चाहिए और वहा पर उद्योग-धन्धे स्थापित करने के अलावा जल-विद्युत योजनाओ को अधिक से अधिक प्रोत्साहन देना चाहिए ।

इन शब्दो के साथ मैं इस धन्यवाद-प्रस्ताव का हार्दिक समर्थन करता हू ।

SHRIMATI T LAKSHMIKANTHAMMA (Khammam) Mr Chairman, Sir, my grateful thanks are to Shrimati Indira Gandhi, the leader of the Congress Parliamentary Party Shri D K Barooah, the President of the Indian National Congress and also the members of the Executive Committee for expelling us from the party, thereby saving us from being a party to some of the wrong doings, such, as, the continuance of Emergency the suppression of freedom of thinking of the people and that of the press and such other things

I have no animously or anger against them I have only pity for them.

असतो मा सद् गमय । तमसो मा ज्योतिर्गमय
मृत्योर्मा मृतं गमय ।।

These are the only words that I can repeat and say, that the Almighty may lead them from darkness to light from untruth to truth and from hypocrisy to righteousness

Today the whole country is in gloom, whether it is expressed or not expressed Does one word come in the press about the health of Shri Jayaprakash Narayan? He is a great son of this country Nobody can deny that Every one is concerned about his health and asks 'How is he and what has happened to him?" While in jail, both his kidneys were affected They are not functioning now Why has such a situation been brought about? Is it the way you should treat this great son of India? Whatever may be your political differences or fight with him is it the way how you should treat him? Is this the way how the Britishers treated the prisoners? If they had treated them in this way then what would have been the condition of Pandit Jawaharlal Nehru or the other leaders in jail? They would not have been saved for us to lead this country after independence So let every one who has a conscience in him rise in revolt against this kind of treatment meted out to persons like Shri Jayaprakash Narayan and other prisoners, including some of the Members who are absent here My heart goes out to them The whole country is praying today for the recovery of Shri Jayaprakash Narayan I hope the all-merciful God will save him for this country and he will recover I am one who believes in the supremacy of truth Truth will prevail *Satyamera jayate* It is written everywhere Whether you recognise it or you just say that only—It is only on your lips— the fact remains that truth is a great power and you cannot curb it Truth does not need anybody's support to assert itself If you are on the path of truth, it is well and good be happy, I wish you all well But if you are on the path of untruth—you

may gloat over your temporary glory because all these things are temporary....

SHRI M. RAM GOPAL REDDY: The whole word is temporary.

SHRIMATI T. LAKSHMIKANTHAMMA: Why do you intervene? You had your say. Hear at least what your leader has said. She has appealed for discipline. Please do not intervene.

As I was saying, truth will assert itself. What is written above the Chairs? *'Dharma Chakra Pravarthanaya'*. When the wheel of truth moves —it may move slowly, but when it moves—it will move with such force that it will crush the untruth underneath it. This kind of untruth and hypocrisy cannot be there for long. You can have your 20-point programme. It is good. But how can you implement it when the foundation is not strong? What is its foundation? Its foundation is not truth. Truth alone can produce sincerity, and sincerity alone can produce sincere implementation and good results. As long as truth is not there, as long as these things are built on the base of untruth, it will be like a building built on the foundation of sand and such a building is bound to fall down Nobody need tell you this because the power of nature is such. There are certain concepts. When the Creator created. He had certain principles. Maybe, truth and untruth are His playthings, but truth will ultimately triumph. *'Satyameva jayate'*. This has been said by the sages. It can never be wrong. I want them to beware of this because I still have my love for them. Let them realise this basic truth. Truth is powerful, and when you are not on the path of truth, you are bound to fall. Why should you fall? Still I do not want you to fall. You can rise up. You may commit mistakes; you might have got into a vicious circle because of certain circumstances. But you have to get out of this vicious circle to save yourselves from the situation created by this vicious circle of untruth. Then you can rise up. There is nothing wrong.

To-day I want to tell one thing. More than anything to-day we remember Pandit Jawaharlal Nehru. The red rose is fading. We want a revival of the red rose What did he stand for? He stood for democracy, freedom of thinking and freedom of the press and I think he was the greatest democrat in the whole world. But what has happened to-day? Let us once again wish that there is a revival of the red rose and the fragrance will be there in the whole world and the people will breathe fresh air as the great Tagore has said, where the head is held high and where you have the freedom to feel and express.

One has to be sportive in politics. Politics after all is not an end in itself. It is only a means to an end. For Gandhiji it was only a means to an end. Whatever you are talking of discipline—I think Mr. Sathe was in the Chair before you took over—Mr. Sathe is a close associate of Acharya Vinoba Bhave. What did Vinobaji say? He said, self-discipline is more important ... (*Interruptions*) Because Satheji always goes to his Ashram and I see statements in the Press in his name. What did Vinobaji say of discipline? Discipline is service. Self-discipline can be achieved by *Tapasya* or control of mind or meditation. Where the mind is full of desire, full of lust for power and you talk of discipline, what discipline does it produce? See the *Karmayogi* who works without any attachment. You do all your work without any attachment and without lust for power or the chair. Did Jayaprakash Narayan want any chair? This lust will only produce indiscipline. These are the basic concepts and truths which nobody can go against

[Shrimati T. Lakhmikanthamma]

because that is our culture which is inherited and embedded in the culture of this country. I think they are more powerful and they can assert themselves. What is discipline? How can discipline be produced? Only when you have the basic detachment and love for your people and for your country which Pandit Jawaharlal Nehru had, real love and real discipline starts, then only the real love for the country starts and then only you can implement all your programmes successfully. Please do it. I do not dispute it. You do it but when you do it, create this foundation base so that will be successful in your endeavour

Our friend was talking about Bhagwati Jagran. I request, him...

SHRI INDRAJIT GUPTA (Alipore): It is better that I have come here

SHRIMATI T LAKSHMIKANTHAMMA: I request him not to enter the field which he does not understand because one has to understand it.

I think this girl Shrimati Roza Despande's husband

SHRI K. GOPAL (Karur) She is a girl!

SHRIMATI T LAKSHMIKANTHAMMA . has produced some book which was banned by his party...

SHRI INDRAJIT GUPTA The hon. Member may better not talk about things which she does not understand.

SHRIMATI T. LAKSHMIKANTHAMMA: I am trying to understand, but I do not deny things. You know when they split atom and when they further split it, they found only consciousness. Even in the Communist countries they keep away from talking of spiritualism because they feel that there is something

MR. CHAIRMAN: The hon Member's time is up.

SHRIMATI T. LAKSHMIKANTHAMMA: We are five members in our Party.

AN HON. MEMBER: What is your Party?

SHRIMATI T. LAKSHMIKANTHAMMA: The Congress Party for Democracy, of course.

I request let us be sportsmen in politics. There should be 'talwar' in the hands of both who are to fight or are fighting. But here it is like a greedy woman who wants radio for herself, a T.V. and then a newspaper.

You said that no dog barked when all these people were arrested. Situation is normal. What happened when Shri Mohan Dharia was arrested? How can both the statements be correct—no dog barked, situation is normal, arrests are continuing? One of the two statements is wrong

Shri Krishnappa spoke yesterday and my reply to him is:

जो देश की आजादी को बचाने वाले हैं—उन के साथ ऐसा नहीं किया जा सकता उन्हीं के भाई-बहिन मा-बाप की आजादी को छीन नहीं सकते।

Politics should not be an end in itself That should be means to an end. I can compliment Shrimati Indira Gandhi for one thing—she is a perfect politician. I think none of these men can beat her. When Ravana was dying, Rama asked Lakshmna to go to Ravana to find out what is politics. Ravana said, "I shall not tell you everything but one thing."

साम, दाम, दण्ड, भेद जैसे भी हो सब को इकट्ठा करो।

It is not a great thing to have power. The great thing is to retain power. This can be done by *Sam, Dan, Dund, Bhed.*

जैसा केरल कांग्रेस के साथ भी हुआ--

Either you become a Minister or go to jail. It is all right as a master of politics. But politics is not an end in itself. It should be means to an end --ultimately to lead to what Mahatma Gandhi said the whole of karmayoga was means to liberation. It was used without attachment He used karmayoga to attain higher realisation, realisation of truth. God, whatever you may call it. Unless you have the ultimate realisation you cannot have peace of of mind.

All these worldly things are there and we shall have to leave all these things here Ultimate aim is important. That is what brings peace for the world.

सर्वे जन सुखिनो भवन्तु ।

श्रीमती सावित्री श्याम (आवला) सभापति महोदय, मैंने श्रीमती लक्ष्मीकान्तम्मा जी के भाषण को बड़े ध्यान से सुना । वे मेरी बड़ी अच्छी मित्र है और मुझे इस बात का दुख भी है कि उन्हें हमारी पार्टी से जाना पड़ा ।

उन्होंने आज अपना भाषण थर्ड और डिसिप्लिन पर दिया--मैं उन से पूछना चाहती हू--जिस समय श्री मोरारजी देसाई ने यह आवाज लगाई--इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले के बाद--कि श्रीमती इन्दिरा गांधी को इस्तीफा देना चाहिये, उस समय यह सच्चाई का पाठ उन को क्यों नही पढाया ?

क्या एक साधारण नागरिक को यह अधिकार नही था कि इलाहाबाद हाईकोर्ट से हार जाने पर वह सुप्रीम कोर्ट मे जाये और उस के फैसले को माने? उस समय माननीय सदस्या ने यह पाठ मोरारजी भाई को क्यों नही पढ़ाया कि आप को यह नही करना चाहिये । इसी तरह से जब जयप्रकाश नारायण बिहार और सारे देश के अन्दर यह कह रहे थे कि बच्चो को स्कूल छोड देने चाहिये, असेम्बली के सदस्यो को इस्तीफा दे देना चाहिये तथा पुलिस और मिलिटरी को सरकार की आज्ञा नही माननी चाहिये तब श्रीमती लक्ष्मीकान्तम्मा, जो आज सरमन देने खड़ी हुई हैं, ने जयप्रकाश नारायण को यह बात क्यो नही कही कि ऐसा उन को नही कहना चाहिये ।

जहा तक जेल मे रहने की बात कही गई, मैंने कुमारी मणिबेन पटेल का भाषण भी सुना जब उन्होंने कहा कि जेल के अन्दर बहुत तकलीफ है, तो मैं इस से सहमत नही हूं । अभी अभी उत्तर प्रदेश के एक नेता जो जिन्दगी भर कांग्रेसी रहे हैं, वह जेल से वापस आये हैं उन्होंने बताया कि वहा काफी आराम हैं, जिस से मुझे काफी प्रसन्नता हुई और आश्चर्य भी हुआ । सभापति महोदय, आप ने स्वय अनुभव किया होगा कि जेलो के अन्दर कितना आराम है, किसी भी राजनीतिक व्यक्ति को कोई पाबन्दी नही है, वहा जा कर उन को लिखने पढने का आराम मिलता है ।

सभापति महोदय, राष्ट्रपति महोदय ने हमारा आह्वान किया है कि हम अपनी जिम्मेदारिया और कर्त्तव्यो को समझे । अगर हम चाहते हैं कि देश से गरीबी मिटे, जो लोग सदियो से दबे हुए हैं वह ऊपर आयें तो हम को अनुशासन से रहना होगा और कड़ी मेहनत करनी होगी । इस के लिए उन्होंने सारे देश का आह्वान किया है ।

किन स्थितियो मे इमरजेंसी लगाई गई, यह किसी से छिपा हुआ नही है । साधारण जन-जीवन अस्तव्यस्त था न बच्चे स्कूल जा सकते थे, न महिलायें आजादी के साथ बाहर निकल सकती थी, न कोई पढ सकता था । क्या साधारण जीवन का अस्तव्यस्त करने का किसी का अधिकार हो सकता था नहीं इसलिये इमरजेंसी लागु की गई ।

20 सूत्री कार्यक्रम नया नही है । कई बार हम ने कांग्रेस सेशन मे इस की घोषणा

[श्रीमती सावित्री श्याम]

की है और लागु करने की कोशिश भी की है। लेकिन ज्यो ज्यों लागु करने की कोशिश करते थे तो कदम कदम पर विरोधी दलो की तरफ से रोड़े अटकाये जाते थे ।

मैं मानती हू कि जब किसी को न्याय दिलाते हैं तो किसी को अन्याय भी मिलता है, खासतौर से उन लोगों को जिन के वेस्टेड इंटरेस्ट हैं । वही रास्ते मे आये और रुकावटे डाली । इसलिये इमरजेंसी लागू करनी पडी। जब तक अनुशासन में रहने की देश को आदत न पड जाये तब तक इमरजेंसी को रखना चाहिये ।

17.34 hrs.

[SHRI VASANT SATHE *in the Chair*]

सभापति जी, काग्रेस पार्टी का एक प्रोग्राम है, उस ने देश की बागडोर को हाथ में लिया है और वह जनता के प्रति जिम्मेदार है । उस ने अपनी जिम्मेदारी को निभाया है, हालाकि हम को कठिनाइया आती रही जैसे सुखा पडा, बाढ आयी, लेकिन काग्रेस पार्टी ने उन का मुकाबला किया और उन समस्याओं को हल किया । आज भी मजबूत लीडरशिप का यह तकाजा है कि सारे देश को एकता के सूत्र मे बंध कर अपनी मुसीबतों को दूर करना चाहिये ।

मैं मानती हू कि इमरजेंसी मे बहुत ज्यादा ताकत ब्यूरोक्रेसी के हाथ मे चली गई है । ऐसा नही है कि सरकारी कर्मचारियों का सहयोग नही मिल रहा है । लेकिन फिर भी कही कही कुछ ज्यादती होती है, और उस को हम अपने क्षेत्र मे भुगत रहे हैं । लेकिन जब हम सरकार का ध्यान आकृष्ट करेंगे तो मुझे विश्वास है कि हमारी ब्यूरोक्रेसी को देश की मेन स्ट्रीम के साथ आना होगा और उन को देश के साथ चलना होगा ।

मैं दो तीन बातों की तरफ आप की आज्ञा से सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहती हूं । सब से पहले इस प्रोग्राम मे देश की गरीबी को हटाने का, गांवों की गरीबी को मिटाने का पैगाम है यानी हजारों की संख्या मे हमारे देश क्षेत्र मे और लाखों की संख्या में इस देश में जिन के पास जमीन नही थी और जो खेती का काम करते थे, उन को जमीन के पट्टे बाट दिये गये । जमीन से पट्टे देना बहुत अच्छी बात हुई । जिन लोगों के पास सरप्लस जमीन थी और ग्राम सभाओं की जो जमीन थी, वह उन को दे दी गई है लेकिन वे ऐसे टुकडे है जो कि पानी से बहुत दूर है । सभी जगह ऐसा है, मैं यह नही कहती लेकिन जहा पर पानी नसीब नही है उन को पानी दिया जाए । जब देश के अन्दर हम ने पैदावार को बढ़ाया है माडर्न टेक्नोलाजी से और परमात्मा की कृपा से, जैसा कि कहा गया वर्षा भी हुई, तो ऐसे लोगों को भी पानी मिलना चाहिए । वर्षा का हम ने आर्टिफिशयल इन्तजाम नही किया है लेकिन भगवान की कृपा से अच्छी वर्षा हुई और फसल अच्छी हुई । भावों को गिराने के लिए भले ही हम यह कहें कि हम बाहर से अन्न मगाएगे लेकिन वास्तव म आज हम इस स्थिति मे हैं कि हम को अन्न मगाने की जरूरत नही है । अन्न के मामले मे आत्मनिर्भर हम माडर्न टेक्नोलाजी और किसान की मेहनत से हो सकते है । वे जमीन के टुकडे जो छोटे छोटे लोगों को मिले है, उन लैंडलेस लोगों को मिले है जो खेती पर काम करते हैं, वे बैरन हो जाएगे और उजड जाएगे अगर उन को पानी नही मिलता है और यह राष्ट्रीय क्षति होगी । बाहर से अन्न मगाने से बैलेस आफ पेमेन्ट भी बढेगे । इसलिए मेरा सुझाव यह है कि राज्य सरकारों को ये आदेश दिये जाए कि जिन लोगों को जमीने मिली है उन को सब साधन जैसे कि बीज, पानी, फर्टिलाइजर्स मुहय्या किये जाए, जिस से वे अच्छे रिजल्ट दे सकें ।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि किसानों ने माडर्न टेक्नोलाजी को अपनाया और ज्यादा अन्न पैदा किया लेकिन रा-मटीरियल्स जो हैं वे किसान पैदा करता है, खाना जो है वह किसान पैदा करता है लेकिन आज हम देखते हैं कि इन्डस्ट्रियल रा-मैटीरियल्स की कीमत सस्ती है लेकिन उन से बने हुए सामान की कीमत महंगी है । इस का मतलब यह है कि जो मेहनत करता है, उस का जो कास्ट आफ प्रोडक्शन है, जितना मार्जिन आफ प्रोफिट उस का होना चाहिए उतना उसका नही है । सरकार ने यह निश्चित किया है कि 105 रुपये क्वीटल के हिसाब से गेहू लिया जाएगा लेकिन सरकार ने उतना गेहूं लिया जितनी उस को जरूरत थी और बाकी गेहू किसान के पास छोड दिया गया । मैं ने हापुड़ की मडी में देखा है कि वहां पर 90 रुपये क्वोटल के हिसाब से गेहू बिका है ।

इसी तरह से रुई को हालत है । अबहोर और फाजिल्का में रुई की बहुत ज्यादा पैदावार होती है लेकिन वहा पर तीन और चार रुपये प्रति किलो रुई बिकती है लेकिन मैं यह देखती हू कि उस मे जो कपडा बनता है, मुझे ज्यादा इस बारे मे मालूम नही है कि क्या क्या बनता है, लेकिन खद्दिया, पापलीन और लट्ठा आदि जो कपडे है उन की कीमते नही गिरी है ।

इसी तरह से गन्ने की कीमत की बात है । किसान जो गन्ना पैदा करता है अपनी मेहनत से, अपने प्रोत्साहन मे और सरकार की मदद से, उस को उस की कीमत नही मिलती । तो समय का यह तकाजा है कि किसानों के खेत जो छोटे छोटे बट गये है उन को अच्छी कीमत मिलनी चाहिए । बडे बडे फार्म अब कम रह गये हैं और यह दूसरी बात है कि कुछ लोगों ने मिल कर अपने खेत बड़े कर लिये हों । इस तरह से एक तालमेल होना चाहिए कि इतनी कीमत किसान को मिलेगी और कन्ज्यूमर को इस भाव से चीज मिलेगी और जो मार्जिन आफ प्रोफिट होगा, वह कितना होगा । यह एकोनामी जो है, अर्थ-व्यवस्था जो है, यह वन-साइडेड पिक्चर है । एक इनटेग्रेटेड पिक्चर को रख कर ही प्रोग्राम को चलाना होगा ।

तीसरी बात मैं यह कहना चाहती हूं कि इस में सदेह नहीं है कि इम्जेन्सी के बाद से, बीस सूत्री कार्यक्रम के बाद से हमारे देश की राष्ट्रीय इन्कम 6 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ी है ।

हमारे पब्लिक सैक्टर में 15 प्रतिशत से अधिक की उत्पादकता बढ़ी है । चीजें सस्ती हुई हैं । आर्थिक कड़ाई जो बरती गई है उसके कारण हमारी हालत सुधरी है । मैं किताबी बात नही करती । मैं महसूस करती हू कि किताबें पढ़ने से कोई ज्यादा लाभ नहीं होता है । हमें इन्सान को पढ़ना चाहिए, इन्सान की आवश्यकताओं को पढ़ना चाहिए, समाज को हमें देखना चाहिए । वह आदमी जो बोल नहीं सकता है, कह नहीं सकता है, आप तक पहुंच नहीं सकता है, जो मूक है, जिस की जबान नहीं है, जो गूंगा है, वह क्या कहता है उसको आपको पढ़ना चाहिए, वह क्या चाहता है इसको आपको देखना चाहिए और इसकी आपको पूर्ति करनी चाहिए । आज डिमाड घटी है, इसका कारण क्या है, इसको आपको देखना होगा । हो सकता है कि लोगों को परचेजिंग पावर घटी हो और उस कारण से डिमांड घटी हो । ब्लैक मनी उनके पास नही रहा, होर्डिंग खत्म हो गया है होर्ड करने की ताकत नहीं रही है, इस वास्ते डिमाड घटी हो और उसकी वजह से स्लैकनैस आ गई हो डिमांड मे । लेकिन मे बडी चीजों की बात नहीं करती, उन लोगों की बात नही करती हूं जो टी वी, फ्रिज इस्तेमाल करते है और न मैं इन चीजों की बात करती हूं । लेकिन आप बरतनों की

[श्रीमती सावित्री श्याम]

बात की लें, लोहे के बने हुए सामान की बात को लें। अगर इनकी डिमांड घट जाए और इनका स्टाक जमा हो जाए तो क्या इसका यह नतीजा नही होगा कि जो आपने पैसा लगाया है, जो इसैंटिव दिया है, वह सब बेकार हो जाएगा। टैक्सटाइल की बात को ही आप ले। बीस करोड का कन्ट्रोल का कपडा आज जमा हो गया है। बम्बई की मिलें बन्द ही गई हैं। मजदूरो की छन्टनी होने लग गई है। बेरोजगारी बढने लग गई है। इस बात मे आपको बैलेंस रखना होगा। खरीदने की लोगो मे शक्ति बनी रहे इसको आपको देखना होगा। चीजो को लोग खरीदे और बरते, इसका आपको ध्यान रखना होगा।

श्री इन्द्रजीत गुप्त ने हमारा ध्यान कल्चरल डैलीगेशन के आदान प्रदान की ओर दिलाया है। कुछ लोग यहा से जाते हैं दूसरे देशो मे पढे लिखे लोग जाते है और वहा से विदेशो से यहा भी ऐसे लोग आते हैं। इन के ऊपर भी हम को निगाह रखनी होगी। मैं रुडकी यूनिवर्सिटी की मिसाल यहा आपको देना चाहती हू। वहा कुछ लोग बाहर से आए है। उनके बीच मे बैठ कर जिस तरह से वहा के वाइस चासलर ने बातचीत की है डिनर और लंच पर, चाय पर उसकी तरफ भी हमारी निगाह जानी चाहिए। जहा हमे आन्तरिक लोगो से खतरा है, आन्तरिक तत्वो से खतरा है वहा हमे बाहरी तत्वो से भी खतरा है और उन से हम को सावधान रहना होगा। इस तरह का वातावरण हमे बनाना होगा कि कोई भी इंटरफीयर न कर सके और हम तरक्की कर सकें। हमारी प्रधान मंत्री हिन्दुस्तान के करोडो लोगो का प्रतिबिम्ब है उनकी आत्मा है। उनकी बात को हम पूरा कर सके, उनके प्रोग्राम को सफल बना सके, इस तरह का वातावरण हम को निर्मित करना होगा।

श्री राजदेव सिंह (जौनपुर) सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का इस धन्यवाद के प्रस्ताव पर अवसर दिया इसके लिए मैं आपका आभारी हू और आपको धन्यवाद देता हू। दो दिन के भीतर यहा बहुत सी बाते कही गई है। उनको दोहराना मैं नही चाहता हू। लेकिन कही कही उनका जिक्र तो हो ही जाएगा। यह कहा जाता है कि एमरजेंसी की क्या जरुरत थी। लेकिन मैं समझता हू कि देश मे छ महीने तक अगर एमरजेंसी लागू न की गई होती। तो हमारे देश को आजादी बाहरी और भीतरी दुश्मनो से बडे खतरे मे पड गई होती।

आज हरेक आदमी को सोचना पडता है कि किस तरह से अपनी आजादी की रक्षा की जाये। देश को 90 साल की लडाई के बाद जो आजादी मिली उसकी हिफाजत के लिए अगर 25 जून को एमरजेंसी न लगाई गई होती तो देश की क्या हालत होती। राजनीति यही कहती है कि बाहरी हमले होते और भीतर के लोग उनका साथ देते। हम यह नही भूलना है कि हमारे देश मे अभी नेशनल करैक्टर नही बन पाया है कितने लोग देश मे ऐसे है जो माई कंट्री फर्स्ट की बात सोचते है। आज एमरजेंसी मे एक करैक्टर बन रहा है लोग दफ्तरो मे ठीक काम करने लगे है।

अगर आज एमरजेंसी नही होती तो ठीक मानिये कि सडको पर विद्यार्थियो के जरिए हजारो बसे फूक दी गई होती, कालेजो मे भी बहुत सी चीजे जला दी गई होती। तो क्या एमरजेंसी बुरी बात है ?

मै एक बात सीधी सी जानता हू कि अगर कोई ऐसी चीज है जिससे देश बन रहा है लोगो की आदत राष्ट्रीय बन रही है तो अच्छा है या बुरा है। वह अच्छा है। शिक्षा रेल, राष्ट्रीय करैक्टर, सरकारी दफ्तरो के मामले में देखिए, आज जनता की बात

वे लोग कहते हैं, लेकिन जनता से पूछिये, जनता अब सुखी है। उसको रोज की हुडदंग-बाजी, और अखबारों में जो गन्दी-गन्दी चीजें पढ़ने को मिलती थीं, उनसे उसको छुट्टी मिली है।

कल एक वक्ता ने कहा था कि बिहार के लोग यहां तक कहते हैं, हम भी कहते हैं, कि जो एमरजेंसी डिक्लेयर की गई है, उसे दो महीने पहले घोषित किया जाना चाहिए था।

जो लोग कहते हैं कि जो कांग्रेस के भीतर रहता है तो प्रोग्रेसिव रहता है, और पार्टी छोड़ देता है तो रिएक्शनरी हो जाता है। आप खुद देखें। चिमनभाई पटेल कल तक बड़े बदमाश थे, गुजरात की तमाम पार्टियां व विद्यार्थीगण कहते थे कि जब तक वे नहीं हटेंगे हम चुप नहीं रहेंगे। लेकिन आज 5 पार्टियों का जो गठन है, वह सब उनके साथ हैं। वह समझते हैं कि इतना भी लोगों को नहीं मालूम कि जो पार्टियां गुजरात में राज्य कर रही हैं वह किस की बदौलत राज्य कर रही हैं। क्या चिमनभाई पटेल की बदौलत कर रही है और उनके सहयोग के कारण ? जो दो साल पहले बहुत बुरे थे और पूरा गुजरात, वहां की पार्टियां, वहां के छात्र उन्हें मुख्यमंत्री पद से हटाना चाहते थे, आज उनके साथ हैं। यह तो हालत है। इस तरह की बात होते हुए भी लोग इस तरह की बातें करते हैं।

अभी 31 दिसम्बर खतम हुआ है, कुछ कन्सील्ड इनकम सामने आई है। क्या कोई कह सकता है कि अगर आज एमरजेंसी न होती तो क्या इतनी बड़ी कन्सील्ड इनकम ब्लैक मनी उभरकर सामने आती। कभी नहीं आ सकती थी। कुछ लोगों ने कहा है कि देश में डर का वातावरण है, भय का वातावरण है, लोग डर रहे हैं। अगर डरकर लोग अच्छा काम कर सकते हैं तो जरूरत डरवाने की है।

उधर के लोग डैमोक्रेसी की बात करते हैं। अगर उनका राज्य होगा तो उनकी पार्टियों और स्टेट में कोई भेद नहीं रहेगा और उसमें डैमोक्रेसी के लिए कोई गुंजाइश नहीं होगी। उनके मुंह से बड़े ठंडेठंडे इस सदन में डैमोक्रेसी की बात निकलती है। अगर उनका राज्य होगा तो डैमोक्रेसी का पता नहीं चलेगा।

मैं प्रैस के बारे में भी एक बात कहना चाहता हूं। बड़े बड़े प्रेस किस के हैं? पूंजीपतियों के हैं। अभी हमारे सामने एक मामला है हिन्दुस्तान टाइम्स का। वहां के संपादक साहब को हटाया गया है, मुकदमेबाजी हो रही है। बिरला साहब उनको नहीं चाहते हैं। तो जो पूंजीपति चाहता है, और संपादक उसको नहीं लिखेगा तो उसको निकालकर बाहर कर दिया जायेगा। तो जितने बड़े बड़े अखबार हैं, जिनके ऊपर ये लोग आंसू बहा रहे है, सब बड़े बड़े पूंजीपतियों के है और पूंजीपति राष्ट्रीय सीमा, नेशनल बाउन्ड्री को नहीं मानता है। आज हमारे देश का पूंजीपति यह सोचता है कि अगर अफ्रीका में इंडस्ट्री लगाने से उसको फायदा है तो वह वहां पर लगायेगा, भले ही हिन्दुस्तान के लोग भूखे मरते हों।

भूतपूर्व अध्यक्ष, सरदार हुकमसिंह, की एक बात अभी तक हमारे दिमाग में है। उन्होंने कहा था कि हमारे अखबारों की विचित्र हालत है, अगर किसी मेम्बर पर कोई दूसरा मेम्बर चप्पल फैंकता है या हाथापाई होती है, या कोई ऐसी बात होती है, जो मर्यादाहीन है जो हाउस में नहीं होनी चाहिए, तो अखबार वाले मोटे मोटे अक्षरों में उस को निकालते है, और अगर कोई बहुत स्टडी कर के स्पीच देता है, तो अखबार में निकलता है कि श्री सी-एंड-सो आस्सो स्पोक। अगर अखबार वाले ये हरकतें जारी रखेंगे कि यहां जूतेबाजी हो और वे उस को मोटी मोटी सुर्खियों में छापे, तो

[श्री राज देव सिंह]

देश से उस का खराब असर होगा। उस से रकियन्ज, गूडा एलिमेंट्स एनकरेज्ड होंगे और सोबर एलिमेंट्स दुखी होंगे। इन्ही अखबारों के लिए हमारे मित्र आंसू बहाते हैं। जैसा कि मैंने कहा है, ये अखबार बडे बडे पूजीपतियों के होते हैं, जिन का कोई देश नही होता है, जिन के लिए कोई राष्ट्रीय सीमा नही होती है। मामूली लोगो के जो छोटे छोटे अखबार निकलते हैं, वे डेमोक्रेसी, देश की स्वतन्त्रता और अपने देश की तरक्की मे विश्वास करते हैं। उन को हर तरह से एनकरेज करना चाहिए और बडे बडे अखबारो पर हमेशा के लिए ऐसी पाबन्दी लगानी चाहिए, जिस से वे देश के हित के विरूद्ध कोई काम न कर सके।

जहा से मैं आता हू, उत्तर प्रदेश के वे पद्रह जिले आर्थिक दृष्टि से हिन्दुस्तान के सब से पिछडे हुए जिले हैं। उन जिलो की आबादी इस समय चार करोड के करीब है। 1857 मे जो स्वराज्य की लडाई हुई थी, उस समय से ये पद्रह जिले देश की स्वतन्त्रता के लिए बडी बहादुरी के साथ लडते चले आ रहे हैं। इन नब्बे सालो मे जितनी भी लड़ाइया हुई, उन मे उन्होने बडी बहादुरी के साथ भाग लिया। 1942 मे बलिया जिले मे सात दिन तक अग्रजो का राज नही था, और आठवें दिन अखबार मे निकला था कि **बलिया रीकांकर्ड**—बलिया को फिर से जीत लिया गया है। उन जिलो के अनेक लोगो को फासी की सजा हुई थी और हजारो आदमी जेलो मे गए थे—तबाह हुए थे इस उम्मीद से कि स्वराज्य मिलने के बाद हमारी भी हालत सुधरेगी। लेकिन दुख के साथ कहना पडता है कि पच्चीस छब्बीस सालो के बाद भी उन गरीब जिलो की हालत वही है, जो स्वराज्य से पहले थी।

अग्रेज वहा के किसानो के लिए ट्यूबवैल नही लगाना चाहते थे, और नहर नही देना चाहते थे, क्योंकि वहा के लोग उन की नजर मे बागी थे। अपनी सरकार के आने पर वहा के लोगो को बडी आशायें हुई थी, लेकिन वे आशायें अभी तक पूरी नही हुई हैं।

दिल्ली और बम्बई मे साढे तीन लाख झुग्गियां उजाडी गई हैं। कब? जब कि सिर पर बारिश थी और उन मे यह ताकत आज भी नही है कि वह अपने लिए मकान खडे कर सके। आप जा कर देख सकते हैं मदनगिर के इलाके मे और दूसरे इलाको मे जहां इन झुग्गी वालों को ले जा कर फेका गया है और आज उन से 50 रुपए उस जमीन का जो उन को एलाट की गई है किराया मागा जा रहा है। उन के पास पैसा नही है कि अपने सिर पर छत खडी कर सकें। ऐसी हालत है। तो ठीक है, गरीबो को उजाड कर के दिल्ली को खूबसूरत बनाइए। टूरिस्ट आएंगे, आप को फारेन एक्सचेंज की आमदनी होगी। अभी हाउसिंग कमेटी की मीटिंग थी। इजीनियर लोग आए थे। उन्होने कहा कि लेबर नही मिल रहा है। कैसे मिलेगा? लेबर को तो आप ने 15 मिल दूर फेंक दिया। वही तो लेबर था। अब लेबर का काम वह करे जो दस दस मजिला मकानो मे रहते हैं। अब वह लेबर नही मिलने वाला है। अगर यही हालत रही तो दिल्ली मे लेबर की परेशानी होगी और कास्ट्रक्शन वर्क टूट जायगा।

इन शब्दो के साथ जो आप ने थोडा सा मुझे मौका दिया है उस के लिए आप को धन्यवाद देता हू और यह कहना चाहता हू कि चारो दिशाओ मे तरक्की हुई है एमेंजेसी की वजह से और जब एक राष्ट्रीय आचरण हमारे देश का बन जाय तभी आपत्कालीन स्थिति समाप्त की जाय। नही तो ये चन्द लोग जो पार्टियो के थे वह

क्या करते थे ? आखिर आज कितने आदमी बन्द किए गए हैं। हरएक पार्टी के 8–10 आदमी बन्द हैं, नेता लोग बन्द हैं। बाकी सब बाहर हैं, उन की पूरी पार्टी बाहर है। लेकिन वह सामने नहीं आते हैं।

SHRI K. LAKKAPPA (Tumkur): Mr. Chairman. The Prime Minister of this country has cut the Gordian, knot in the annals of Indian history and is taking this country from political freedom to economic freedom. The charter of economic freedom enunciated immediately after the emrgency has created an atmosphere of discipline and has led to increased production in the country. I often hear criticism about the declaration of emergency. the President's Address describes the situation and events that developed in this country leading to the need for taking such an action to protect this country and to give economic freedom to the down-trodden people. This is a new chapter which has been opened by the Prime Minister of this country and the persons who are obstructing and putting impediments on the road to prosperity and the establishment of egalitarian society should know this.

MR. CHAIRMAN: You can continue tomorrow.

18.00 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Thursday, January 8, 1976/Pausa 18, 1897 (Saka)

GMGIPNC M—1821 LS—978